*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
12 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 262
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : सीएम



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत

# नव-नियुक्त 1500 PGT शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

## श्री हेमन्त सोरेन
मानननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा0 मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा0 मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री बैद्यनाथ राम**
मा0 मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार

दिनांक : 12 जुलाई 2024 (शुक्रवार), अपराह्न 12:30 बजे
स्थान : प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 329360 (School Education and Literacy) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# विधानसभा चुनाव में बड़े आदिवासी चेहरों को उतारेगी भाजपा

## ■ अर्जुन, सुदर्शन, समीर, सुनील और गीता कोड़ा को मौका देगी पार्टी

## ■ दूसरी पार्टियों के बागी नेताओं पर भी दांव लगाने की बनी है रणनीति

## ■ इन कद्दावर नेताओं के सामने खुद को साबित करने का होगा चैलेंज

**भारतीय जनता पार्टी झारखंड में तीन से चार महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्रियों सहित राज्य में बड़े कद वाले आदिवासी नेताओं को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। भाजपा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर खास प्रदर्शन नहीं किया था। उसे आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 सीटों में से महज दो पर ही सफलता मिल सकी थी। इसके अलावा हाल के लोकसभा चुनाव में भी आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी पांच सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद से ही पार्टी आदिवासी मतदाताओं के बीच पैठ बढ़ाने की रणनीति पर लगातार काम कर रही है। पार्टी का मानना है कि बड़े कद वाले आदिवासी नेताओं को उम्मीदवार बनाये जाने से उनकी सीटों के साथ-साथ आसपास की सीटों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ये नेता किन सीटों से चुनाव लड़ेंगे, इसका फैसला इसी माह होने की उम्मीद है। राज्य में इस बार चुनावी लड़ाई को भाजपा कितनी गंभीरता से ले रही है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि रणनीति की कमान राष्ट्रीय स्तर के दो दिग्गज नेताओं शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को सौंपी गयी है। ये दोनों नेता लगातार झारखंड का दौरा कर स्थितियों का आकलन कर रहे हैं। इन दोनों नेताओं ने पिछले एक महीने में झारखंड आकर उन मुद्दों को समझा है, जिनका चुनाव पर असर हो सकता है। पार्टी का मानना है कि लोकसभा चुनाव हार चुके आदिवासी नेताओं को खुद को साबित करने का एक और मौका दिये जाने से पार्टी में अच्छा संदेश जायेगा। क्या है भाजपा की पूरी रणनीति और कैसे इस पर काम कर रही है पार्टी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड में तीन-चार महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी कुछ ज्यादा ही बढ़ गयी है। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने से इंडिया गठबंधन का जोश हाइ है, तो झारखंड की सत्ता में वापसी के लिए भाजपा भी पूरा दम लगा रही है। पर भाजपा जानती है कि रूठे आदिवासियों को मनाये बिना यह सियासी अरमान पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए लोकसभा चुनाव में दूर रहे आदिवासी वोट बैंक को आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले साधने के लिए भाजपा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा जैसे दिग्गज नेताओं को मिशन झारखंड पर लगा दिया है।

इसके साथ ही भाजपा ने विधानसभा चुनाव में आदिवासियों के लिए सुरक्षित सीटों पर अपने प्रमुख आदिवासी नेताओं को मैदान में उतारने का फैसला कर लिया है। इनमें वो चेहरे भी शामिल होंगे, जिन्हें हाल ही के लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। लोहरदगा से चुनाव हारे समीर उरांव को सिसई और पूर्व सांसद सुदर्शन भगत को लोहरदगा या बिशुनपुर से चुनाव लड़ाने की योजना है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को उनकी पारंपरिक सीट खरसावां या फिर कोल्हान की किसी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया जायेगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी राजधनवार की सामान्य सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। चाइबासा से लोकसभा चुनाव हार चुकीं गीता कोड़ा को भी भाजपा विधानसभा चुनाव में उनकी परंपरागत जीत जगन्नाथपुर से उम्मीदवार बनाने की योजना बना चुकी है। इसी तरह भारतीय पुलिस सेवा से त्यागपत्र देकर राजनीति में सक्रिय हुए डॉ अरुण उरांव को गुमला जिले की किसी सीट से प्रत्याशी बनाने की संभावना है।

### आदिवासी सुरक्षित सीट पर बड़े नाम से होगा असर

मौजूदा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पास मात्र दो आदिवासी सुरक्षित सीट से विधायक हैं। इनमें खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा से कोचे मुंडा शामिल हैं। विधानसभा में जीत और राज्य में सरकार बनाने के लिए पार्टी ज्यादा से ज्यादा आदिवासी सीटों पर जीत की योजना बना रही है। संताल परगना में सीता सोरेन को अपने पाले में लाने से दुमका और जामा जैसी सुरक्षित सीटों पर भाजपा को बढ़त की उम्मीद है। दुमका से पूर्व मंत्री लुइस मरांडी और पूर्व सांसद सुनील सोरेन दोनों की दावेदारी है। इनके अलावा ताला मरांडी को भी उतारा जायेगा। पार्टी की राष्ट्रीय सचिव डॉ आशा लकड़ा को मांडर सीट से टिकट दिये जाने की पूरी संभावना है।



### दूसरी पार्टियों के बागियों पर भी नजर

भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए उन तमाम कदमों के लिए खुद को तैयार कर लिया है, जिनके जरिये वह दूसरे राज्यों में सफल हो चुकी है। इनमें दूसरी पार्टियों के बागियों को अपने पाले में करने जैसा कदम भी शामिल है। भाजपा की नजर झामुमो के दो बागियों, लोबिन हेंब्रम और चमरा लिंडा पर है। इनके अलावा समीर मोहंती की घर वापसी की भी कोशिश की जा रही है। हाल ही में हेमंत कैबिनेट से हटाये गये कांग्रेस के बादल पत्रलेख और खिजरी विधायक राजेश कच्छप को भी टटोला जा रहा है।

### इन बड़े चेहरों के सामने होगा बड़ा चैलेंज

लोकसभा चुनाव हार चुके भाजपा के इन कद्दावर नेताओं के सामने विधानसभा चुनाव में खुद को साबित करने का बड़ा चैलेंज होगा।

पार्टी का मानना है कि इन नेताओं को एक और मौका दिया जाना चाहिए, ताकि पार्टी के भीतर सकारात्मक संदेश जाये कि यहां नेता केवल चुनाव लड़ने के लिए नहीं होते हैं। पार्टी को उनकी प्रतिष्ठा का पूरा ध्यान है। यदि इस बार ये नेता खुद को साबित नहीं करते हैं, तो फिर इनके बारे में अलग से सोचा जायेगा।

### झारखंड में आदिवासियों का दम

झारखंड में सबसे ज्यादा 26 फीसदी आबादी आदिवासियों की है। झारखंड विधानसभा की 81 में से 28 सीट आदिवासियों के लिए रिजर्व हैं। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में सत्ता हासिल करने के लिए ये सीटें बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो ने सबसे ज्यादा 19 और कांग्रेस ने छह आदिवासी सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा आदिवासियों के प्रभाव वाली सिर्फ दो सीट ही जीत सकी और उसे सत्ता से भी बेदखल होना पड़ा।

### 2019 से 2024 के बीच क्या बदला

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 50.96 फीसदी वोट मिले थे, पर 2024 में भाजपा के वोट घट कर 44.60 फीसदी रह गये। 2019 में कांगेस को 15.63 फीसदी वोट मिले थे, पर इस बार कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ कर 19.19 फीसदी हो गया, जबकि झामुमो को 2019 में 11.51 प्रतिशत वोट मिले थे, जो इस बार बढ़ कर 14.60 प्रतिशत हो गया। 2019 की तुलना में 2024 में भाजपा के वोट छह फीसदी तो घटे ही, पार्टी के लिए चिंता की बात यह भी है कि आदिवासियों के लिए आरक्षित पांच में से चार सीट पर उसकी हार का अंतर 1.2 लाख से भी ज्यादा वोट का रहा। भाजपा की अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव खुद लोहरदगा से 1.39 लाख वोट के बड़े अंतर से हारे और खूंटी से अर्जुन मुंडा जैसे अनुभवी आदिवासी नेता की हार का अंतर 1.49 लाख वोट का रहा। चुनाव से पहले कांग्रेस से पाला बदल कर भाजपा में जानेवाली गीता कोड़ा करीब 1.68 लाख वोट से मात खा गयीं। सिर्फ दुमका में भाजपा मुकाबले में दिखी। वहां झामुमो उम्मीदवार नलिन सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी रही सीता सोरेन को 22,527 वोट से हराया। भाजपा के इस निराशाजनक प्रदर्शन पर इसलिए भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि चुनाव से पहले मोदी सरकार ने आदिवासियों का दिल जीतने के लिए पूरा जोर लगा दिया था।

---

# संथाल में आदिवासियों के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा: बाबूलाल मरांडी

## राज्य सरकार से की एसआइटी जांच की मांग

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी में लगातार गिरावट आ रही है। कहीं न कहीं उनके अस्तित्व पर अब खतरा मंडरा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि 1951 में संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी 44, 67% थी, जो अब घट कर 2011 की जनगणना के अनुसार 28 प्वाइंट 11% हो गयी है, जो चिंता का विषय है। बाबूलाल गुरुवार को पाकुड़ पहुंचने पर परिसदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अभिलंब एसआइटी गठित कर पूरे मामले की जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के संघर्ष और बलिदान की बदौलत ही संथाल परगना बना और एसपीटी एक्ट यहां लागू हुआ, लेकिन तेजी से डेमोग्राफी बदलने से संथाल की आबादी में लगातार कमी आयी है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ से संथाल परगना में 1951 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम आबादी यहां 9.44% थी, आज 2011 की जनगणना के अनुसार 22.73 प्रतिशत हो गयी है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की आबादी में लगातार आ रही कमी और राज्य सरकार द्वारा उनके नाम और हित में किये जा रहे विकास का काम सिर्फ घोषणा मात्र रह गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के दुष्प्रचार के बावजूद झारखंड की 14 सीटों में बीजेपी को नौ सीट पर जीत हासिल हुई और एनडीए गठबंधन को 50 से अधिक सीटों पर विधानसभा की लीड मिली है। एनडीए गठबंधन को झारखंड में 81 लाख वोट मिले हैं। बाबूलाल ने कहा कि चंपाई सोरेन के साथ-साथ राज्य के 11 मंत्री लोकसभा चुनाव में अपने विधानसभा में हार चुके हैं। उन्होंने कहा कि आनेवाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 50 से अधिक सीटों पर जीत मिलेगी और राज्य में भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनेगी। गुरुवार को लिट्टीपाड़ा में विधानसभा कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प को लेकर बैठक की गयी है और पुनः 20 जुलाई को रांची में मंडल स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक होगी।

बाबूलाल प्रेस कांफ्रेंस के बाद लिट्टीपाड़ा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ हिरणपुर में बैठक कर दुमका के लिए रवाना हो गये। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, सुफल मरांडी, मिस्त्री सोरेन मिस्त्री, मिसफिका, अनुग्रहित प्रसाद साह, अजीत रविदास, मिट्ठू भगत, हिसाबि राय, संपा साह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज 14 और हिमंता विश्व सरमा 16 को झारखंड आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा सक्रिय हो गयी है। इसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 14 जुलाई और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह-प्रभारी हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची पहुंचेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों नेता तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

शिवराज 14 जुलाई को रांची में पार्टी की ओर से खिजरी विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह और विजय संकल्प सभा में हिस्सा लेंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से छह जुलाई से विधानसभावार कार्यकर्ता अभिनंदन एवं विजय संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा।

हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 20 जुलाई को गृहमंत्री अमित शाह विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। इस बैठक में मंडल स्तर के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों ही प्रभारी तैयारी की समीक्षा करेंगे। विस्तारित कार्यसमिति के एजेंडे पर चर्चा की जायेगी।

# मंत्री हफीजुल के खिलाफ अरगोड़ा थाने में केस दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंत्री हफीजुल अंसारी के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है। मंत्री हफीजुल हसन अंसारी पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रगान का अपमान किया है। मंत्री के खिलाफ ये शिकायत भाजपा के युवा मोर्चा के पदाधिकारी राहुल दुबे ने दर्ज करायी है। दर्ज शिकायत में कहा गया कि राष्ट्रगान के दौरान मंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। उन्होंने राष्ट्रगान के प्रति आदर नहीं दिखाया। वो अपने शरीर के कपड़े को ठीक करते हुए कैमरे में कैद हुए, उनका व्यवहार अपमानजनक रहा। बता दें कि यह मामला 8 जुलाई का है, जब सीएम हेमंत सोरेन के कैबिनेट के मंत्री शपथ ले रहे थे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होने से पहले राष्ट्रगान हुआ था। उस वक्त सभी सावधान की मुद्रा में खड़े थे। इसी बीच हफीजुल हसन की एक तस्वीर सामने आयी, जिसमें वह अपना कपड़ा ठीक करत दिख रहे हैं। इसीको भाजपा ने मुद्दा बनाते हुए केस दर्ज कराया है।

# मंत्री इरफान अंसारी के बांड वाले बयान पर बिफरे भानुप्रताप शाही, कहा-जनता का काम नहीं हुआ तो..

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत की नयी कैबिनेट में मंत्री बने इरफान अंसारी अपनी बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। आये दिन वह कुछ ऐसा बोल जाते हैं कि वह चर्चा का विषय बन जाता है। हाल ही में उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कह दिया था कि वह भानु प्रताप शाही और अमर बाउरी का काम करेंगे लेकिन उनसे बॉन्ड साइन करवा कर। वह पहले उनसे लिखवा लेंगे कि वह उल्टा-पुल्टा नहीं बोलेंगे, तभी उनका काम करेंगे। उनके इस बयान के सामने आने के बाद भानु प्रताप शाही नाराज हो गये हैं। उन्होंने एक ट्वीट कर अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा है कि एक मंत्री की यह भाषा कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा। मैं आपके इस वक्तव्य का घोर निंदा करता हूं।

उन्होंने कहा है कि 'ये हैं झारखंड के नये मंत्री श्रीमान इरफान अंसारीजी इनके बोल सुनिए इनकी भाषा को देखिए! मंत्रीजी अब आप जोकर नहीं मंत्री हो गये हैं, इस बात का खयाल रखें, पहली बात आप आज बने हैं। मंत्री तीन महीना के लिए और मैं आप से 17 साल पहले कैबिनेट मंत्री बन चुका हूं, वो भी 23 महीने के लिए। लिहाज संस्कार आपका सब समाप्त हो चुका है। आप काम नहीं करेंगे, तो जनता के बीच यह वीडियो दिखा कर आपकी करतूत और सोच को बतायेंगे। यह कुर्सी जनता की है। मंत्री सबके लिए होता है, यही शपथ लिये हैं ना दो दिन पहले आपने और तुरंत भूल गये। यह शर्मनाक है। एक मंत्री की यह भाषा कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा। मैं आपके इस वक्तव्य का घोर निंदा करता हूं।

इधर नवनियुक्त मंत्री इरफान अंसारी रेस हो गये हैं। धड़ाधड़ समीक्षा बैठकें हो रही हैं। बुधवार को ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री इरफान अंसारी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आदेश दिया कि समय पर सारे काम पूरे हो जायें। विकास की गति तेज करने में अधिकारियों का अहम योगदान होता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का निर्देश है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे।

www.epaper.azadsipahi.in

12 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 262



अमित शाह से मिले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# मुख्यमंत्री आज देंगे 1500 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र

- सात विषयों में पीजीटी में होगी नियुक्ति
- प्रभात तारा मैदान में कार्यक्रम हो रहा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 1500 पीजीटी शिक्षकों को शुक्रवार को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके लिए रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री के अलावा वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित होंगे। इस समारोह के दौरान विज्ञापन संख्या 02/2023 और 03/2023 के आधार पर सात विषयों में अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों को यह नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

बता दें कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार के लिए प्रयासरत है। कई मॉडल स्कूल खोले गये हैं। बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक में सरकार सहयोग दे रही है। वहीं शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी जारी है। इसी क्रम में राज्य में वर्ष 2022 में 3120 प्लस टू शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी थी। इसमें से प्रथम चरण में लगभग 1000 शिक्षकों को इस वर्ष मार्च में नियुक्ति पत्र दिया गया था। इस बार 1500 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा जा रहा है। ये सात विषय के शिक्षक हैं। इनके योगदान देने के बाद स्कूलों में प्लस टू शिक्षकों की कमी पूरी हो सकेगी।



## समस्याओं का समाधान प्राथमिकता: हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी शिकायतों तथा समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री स्वयं एक-एक लोगों से उनके आवेदन पत्रों को लिया। मुख्यमंत्री ने शिकायतों और समस्याओं का यथोचित व त्वरित समाधान किये जाने का भरोसा दिया। मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री कुशल नेतृत्व में राज्य हर क्षेत्र में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। इस मौके पर हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्ष में उनकी सरकार गांव-गांव, घर-घर तक पहुंच कर जन समस्याओं को सुलझाने के प्रयास किया है। उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण नीतियां बनायी हैं। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। इन सभी प्रभावी नीतियों तथा योजनाओं का सीधा लाभ आम जनमानस को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं को लोगों के घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रही है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार तथा सकारात्मक बदलाव लाया जा सके, इस निमित्त हम प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं को उनतक तक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग, सहभागिता और आशीर्वाद से ही विकसित एवं समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा।

# बजट से पहले प्रधानमंत्री ने अर्थशास्त्रियों के साथ की बैठक

- 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगी बजट
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी रहीं मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2024 से पहले गुरुवार को अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ नीति आयोग के वाइस प्रेसिडेंट सुमन बेरी, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन, अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, अशोक गुलाटी और अनुभवी बैंकर के वी कामथ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडस्ट्री और सोशल सेक्टर्स के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ बजट को लेकर परामर्श लिया था। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई को शुरू हो रहा है और 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में केंद्रीय बजट पेश करेंगी। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।



## 19 जून से 5 जुलाई तक चला था प्री-बजट परामर्श

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने बताया था कि केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए प्री-बजट परामर्श 19 जून से शुरू हुआ था जो 5 जुलाई तक चला। परामर्श के दौरान, सीतारमण ने सुझाव शेयर करने वालों को आश्वासन दिया कि बजट तैयार करते समय उनके सुझावों पर विचार किया जायेगा। परामर्श के लिए 10 स्टेकहोल्डर ग्रुप्स में 120 से अधिक लोगों को बुलाया गया था। इनमें फार्मर एसोसिएशंस और एग्रीकल्चर इकोनॉमिस्ट के एक्सपर्ट और रिप्रेजेनटेटिव के अलावा, ट्रेड यूनियन, एजुकेशन और हेल्थ सेक्टर, एम्प्लॉयमेंट और स्किलिंग, ट्रेड और सर्विसेज, इंडस्ट्री, इकोनॉमिस्ट, फाइनेंशियल सेक्टर और कैपिटेल मार्केट, इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और अर्बन सेक्टर के एक्सपर्ट और रिप्रजेंटेटिव्स शामिल थे।

**बजट सत्र में कई बड़े आर्थिक फैसले होंगे:** पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद में कहा था कि आगामी बजट सत्र में कई ऐतिहासिक कदम और बड़े आर्थिक फैसले लिये जायेंगे। उन्होंने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा।

# आरएसएस की वार्षिक बैठक आज से

- तीन दिनों तक चलने वाली बैठक में लिये जायेंगे निर्णय
- सरला बिरला स्कूल परिसर में बैठक की तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की वार्षिक बैठक शुक्रवार से शुरू होगी। तीन दिनों तक चलने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिये जायेंगे। बैठक रांची के सरला बिरला स्कूल परिसर में आयोजित हो रही है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। रांची में 12 जुलाई से आरएसएस की वार्षिक बैठक कई अहम विषयों पर होगी। बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सहसरकार्यवाह कृष्णगोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये समेत अन्य लोग शामिल होंगे। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि तीन दिवसीय वार्षिक बैठक में संगठनात्मक विस्तार की योजनाओं पर चर्चा होगी। इस दौरान संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों और उसकी तैयारियों पर भी मंथन होगा। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की विजयादशमी पर संघ के 100 साल पूरे हो रहे हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत इस बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को ही रांची पहुंच चुके हैं। यहां उनका दस दिनों तक प्रवास का कार्यक्रम है। प्रांत प्रचारकों की वार्षिक बैठक के अलावा वह संघ की विचारधारा वाले संगठनों के पदधारियों और कार्यकताओं से भी संवाद करेंगे। इस समय संघ की 73 हजार शाखाएं हैं। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख ने बताया था कि हमारा लक्ष्य उसे बढ़ाकर एक लाख तक ले जाने का है। देशभर में 10-15 गांवों के समूह पर मंडल स्तरीय संगठन बनाये जाने की योजना है।

## न्यूज रील्स

### पूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ-सीआइएसएफ भर्तियों में मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

नयी दिल्ली । पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पूर्व अग्निवीरों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की भर्तियों में दस फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें शारीरिक मानदंड (फिजिकल) में भी छूट दी जाएगी। बीएसएफ और सीआईएसएफ के प्रमुखों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। यह फैसला केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा लिया गया है। सीआईएसएफ महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने इस बात की जानकारी दी है। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने बताया कि आगामी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा शारीरिक मानदंड (फिजिकल) और आयु में भी पूर्व अग्निवीरों को छूट दी जाएगी।

### ससोदिया की सुनवाई से जस्टिस संजय कुमार हटे

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार ने आप नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। दिल्ली शराब नीति मामले में सिसोदिया की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होनी थी। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संजय कुमार की बेंच सुनवाई करने वाली थी। हालांकि जैसे ही मामला सुनवाई के लिए रखा गया, जस्टिस खन्ना ने कहा कि हमारे भाई (जस्टिस संजय कुमार) को कुछ दिक्कत है। वह निजी कारणों के चलते इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहते। अब 15 जुलाई को दूसरी बेंच मामले को सुनेगी।

# नीट पेपर लीक मामले में रॉकी बिहार से गिरफ्तार

- रांची में रह कर चलता था रेस्टोरेंट, बिहार का है निवासी
- रॉकी ने पेपर हल करवा कर चिंटू को भेजा था
- सीबीआइ को 10 दिन की रिमांड मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ ने गुरुवार को रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया। रॉकी ने ही नीट का पेपर लीक होने के बाद उसे हल करवा कर चिंटू के मोबाइल पर भेजा था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सुबह उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट ने सीबीआइ को रॉकी की 10 दिन की रिमांड दी है। इसकी गिरफ्तारी कहां से कब हुई, इसकी जानकारी जांच एजेंसी ने अब तक नहीं दी है। बता दें कि नीट पेपर लीक मामले में अब तक 11 आरोपियों की गिरफ्तार हो चुकी है।

**पेपर लीक के बाद से फरार था रॉकी:** पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद से ही रॉकी फरार चल रहा था। इसकी तलाश में पटना पुलिस और आर्थिक अपराध इकाइ पहले जुटी थी। बाद में केस सीबीआइ को ट्रांसफर हुआ तो केंद्रीय एजेंसी की टीम रॉकी की तलाश कर रही थी। रॉकी नालंदा जिले के हिलसा के गजेंद्रबीघा गांव का रहने वाला है। उसका असली नाम राकेश है। पिछले कुछ सालों से वह झारखंड की राजधानी रांची में रह कर रेस्टोरेंट चलाता है।



## सुप्रीम कोर्ट में नीट मामले पर सुनवाई अब 18 जुलाई को

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। नीट मामले में गड़बड़ी को लेकर 38 याचिकाओं पर अगली सुनवाई अब 18 जुलाई को होगी। कोर्ट ने केंद्र सरकार और एनटीए के हलफनामे पर याचिकाकर्ताओं को जवाब देने के लिए समय दिया है। चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि कोर्ट के 8 जुलाई के निर्देश के जवाब में केंद्र और एनटीए ने अपने हलफनामे दायर कर दिये हैं।



हालांकि, बेंच ने ये पाया है कि कुछ याचिकाकर्ताओं को अभी तक केंद्र और एनटीए के हलफनामे नहीं मिल पाये हैं। मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को की जायेगी।

## रॉकी मास्टर माइंड संजीव मुखिया का है खास

बिहार में पेपर लीक का मुख्य सरगना संजीव मुखिया है। यह नालंदा जिले के नगरनौसा का रहने वाला और मामला सामने आने के बाद से ही फरार है। गिरफ्तार रॉकी फरार संजीव मुखिया का बेहद खास है। इसके पकड़े जाने से जांच एजेंसी को फरार संजीव मुखिया के बारे में भी ठोस क्लू मिलने की संभावना बढ़ गयी है। वैसे सरगना की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी चल रही है। मंगलवार को भी इस मामले में सीबीआइ की टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इसमें गया के रंजीत कुमार और नालंदा का सन्नी कुमार शामिल है। बुधवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था। वहां से 6 दिनों की रिमांड पर दोनों को पूछताछ के लिए सीबीआइ के हवाले कर दिया गया था।

## झारखंड का कनेक्शन पहले आ चुका है सामने

नीट पेपर लीक मामले में झारखंड का बड़ा कनेक्शन सामने आ चुका है। इस मामले में सीबीआइ की टीम हजारीबाग में बड़े पैमाने पर जांच कर चुकी है। जहां जांच एजेंसी ने परीक्षा केंद्र ओएसिस स्कूल, ब्लू डार्ट कूरियर का ऑफिस और एसबीआइ की जांच की थी। पूछताछ के बाद ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन को गिरफ्तार किया।




# जमीन घोटाला मामले की जांच करने एनआइसी पहुंची इडी की टीम

## जमीन कारोबारी कमलेश सिंह से जुड़ा है मामला

- चामा गांव जमीन घोटाले की शिकायत का मामला
- सीओ और सीआइ का बुधवार को मोबाइल किया गया था जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में जमीन घोटाले की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम गुरुवार को नेशनल इन्फॉर्मेशन सेंटर (एनआइसी) पहुंची। यहां जमीन घोटाले के बारे में टीम जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया। केंद्रीय एजेंसी की यह कार्रवाई जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह के जमीन कब्जा मामले से जुड़ी है। कमलेश कुमार सिंह के खिलाफ कांके के चामा गांव के करीब 50 लोगों ने शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि जबरन कमलेश सिंह ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है।





गौरतलब है कि इडी की टीम मामले की जांच करने के लिए बुधवार को चामा गांव पहुंची थी। ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद इडी के अधिकारियों ने चामा गांव में चल रहे निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। इडी के अफसरों ने कांके अंचल कार्यालय में जाकर दस्तावेजों की जांच की। यहां से कई दस्तावेज जब्त कर टीम अपने साथ ले गयी थी। टीम ने कांके के अंचल अधिकारी (सीओ) और अंचल निरीक्षक (सीआइ) के मोबाइल की भी जांच की थी। इन दोनों अधिकारियों के मोबाइल से इनके बीच पैसों के लेन-देन की जानकारी मिली। इडी की टीम ने सीओ और सीआइ दोनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिये थे। उधर, पिछले दिनों इडी ने कमलेश के ठिकानों पर छापा मारा था। वहां से एक करोड़ रुपये और 100 जिंदा कारतूस मिले थे। कमलेश को इडी ने समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। कमलेश फिलहाल इडी की पकड़ से दूर है।

## जिप सदस्य ने की उड़ीसा के राज्यपाल से मुलाकात



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव में शामिल होने और जगन्नाथ पुरी जाकर दर्शन कर आशीर्वाद लेने के पश्चात उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से राजभवन में जाकर आत्मीय मुलाकात की। जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने कहा कि महामहिम से मिलकर काफी खुशी और प्रसन्नता महसूस हुई। उनसे मिलने के क्रम में लगा कि हम भाजपा परिवार के सदस्य हैं, यह अनुभूति हृदय को प्रफुल्लित करने वाला था। उन्होंने झारखंड प्रदेश एवं कोडरमा जिला और जयनगर प्रखंड भाजपाईयों का भी हाल-चाल जाना। जो एक संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को प्रदर्शित करता है। राज्यपाल ने मेरा उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निष्ठा पूर्वक संगठन का काम करने वाले को संगठन कभी न कभी उचित सम्मान देने का जरूर काम करता है। मौके पर भाजपा नेता किशुन यादव, बैजनाथ यादव, रामेश्वर यादव, रविंदर यादव साथ में थे।

## बहन बेटी स्वावलंबन योजना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने अब 21 से 49 वर्ष के बेटी और महिलाओं को वृद्धा पेंशन के तर्ज पर प्रति माह एक हजार रुपया पेंशन देने जा रही है। इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए सरकार ने जिला प्रशासन को कई प्रकार का दिशा निर्देश जारी किया है। इसी कड़ी में गुरुवार को केरेडारी प्रखंड प्रशासन ने गतिविधि तेज कर दी है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बहन बेटी मई कूई स्वावलम्बन योजना के क्रियान्वयन को लेकर केरेडारी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी 16 पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और आगनवाड़ी सेविका शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को योजना की अगला विस्तृत जानकारी दी गयी। इस क्रम में बताया गया कि इस योजना के लेख तहत 21 से 49 वर्ष के महिलाओं को आच्छादित किया जायेगा। योजना के लाभ के लिए लाभुक को झारखंड का निवासी होना चाहिए साथ ही स्वयं का बैंक खाता, आधार नंबर और तीनों राशन कार्ड क्रमशः लाल पीला या हरा कार्ड में से कोई एक में नाम होना चाहिए। लाभुक को आईटी कर दाता नही होना चाहिए। किसी भी सरकारी सेवा में नही हो या मानदेय धारी नही होना चाहिए। इस मौके पर बीडीओ अमित कुमार ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को हर जरूरत मंद लोगों तक पहुंचाना प्रखंड प्रशासन की जिम्मेवारी है। इस मौके पर प्रमुख सुनीता देवी, उपप्रमुख अमेरिका महतो सहित प्रखंड के सभी मुखिया पंसस ब्लॉक कर्मी उपस्थित हुए।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना परिसर में मुहर्रम त्योहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ नीलम टुडु और संचालन थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद और सर्किल इंस्पेक्टर शहजाद राजा उपस्थित हुए बैठक में प्रखंड क्षेत्र के और दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का पर्व मनाये जाने को लेकर चर्चा की गयी। सीओ नीलम टुडु ने कहा की टाटीझरिया का इतिहास हमेशा आपसी भाईचारा के साथ पर्व को मनाने का रहा है आशा है कि आगे भी यहां के लोग इस परंपरा को बनाए रख मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनायेंगे। एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि त्योहार को शांति पुर्ण से मनाना है ताजिया जुलूस जिस मार्ग से रूट बना हुआ है उसी से जायेंगे किसी प्रकार की अपवाह पर ध्यान नहीं दे। बैठक में एएसआई प्रमोद कुमार, मो मुख्तार, साहबान अंसारी, मो मकसूद अंसारी, तैयब मियां, जैनुल अंसारी, मो क्यूम, सरफुद्दीन अंसारी, अनवर, मियां, तौफीक आलम, मो हबीब, नौशाद आलम उपस्थित थे।

## 57 रेल पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगे



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सुरक्षित और संरक्षित रेल परिचालन पूर्व मध्य रेल की पहली प्राथमिकता है, इसे सुदृढ़ करने के लिए सतत सुधार और आधुनिक तकनीकी का समावेश किया जाता है। बरसात के इस मौसम में महत्वपूर्ण पुलों पर नदियों का जलस्तर की निगरानी के लिए धनबाद मंडल के दामोदर, कोयल, रिहंद नदियों एवं तिलैया डैम पर बने रेल पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये गये हैं। इस सिस्टम से जलस्तर की जानकारी आटोमेटेड एसएमएस के माध्यम से संबंधित अधिकारी को प्राप्त होती है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि आधुनिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम के लग जाने से नदियों पर बने रेल पुलों पर वाटर लेवल की सूचना मिलना आसान हो गया है। इस सिस्टम में सोलर पैनल से जुड़ा एक सेंसर होता है, जिसमें एक चिप भी लगी होती है। यह सेंसर ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। प्रतिदिन नियमित अंतराल पर नदियों के जलस्तर की जानकारी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से मिल जाती है। फलस्वरूप समय पर नदी के जल स्तर की सूचना मिलने से त्वरित कार्यवाही कर रेलपथ को संरक्षित करना आसान हो जाता है। मानसून के दौरान नदियों के जलस्तर की निगरानी हेतु पूर्व मध्य रेल के विभिन्न खंडों पर स्थित कुल 57 महत्वपूर्ण रेल पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये गये हैं। इसमें धनबाद मंडल में चंद्रपुरा-बोकारो स्टील सिटी के मध्य दामोदर नदी पर पुल संख्या 8, गुरपा-पहाड़पुर के मध्य ढाढर नदी पर पुल संख्या 345, बरकाकाना-गढ़वा रोड के मध्य अमानत नदी पर पुल संख्या 253 डीएन, गढ़वा रोड-चोपन के मध्य कोयल नदी पर पुल संख्या 2 तथा कन्हार नदी पर बने पुल संख्या 173 और चोपन-सिंगरौली के मध्य रिहन्द नदी पर पुल संख्या 7 पर एवं कोडरमा-हजारीबाग टाउन रेलखंड के मध्य तिलैया डैम पर बने पुल सं 31 सहित कुल 07 रेल पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये गये हैं।

## जनसंख्या दिवस पर निकली रैली



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी से एक जागरूकता रैली निकाली गयी। इस रैली के माध्यम से लोगों को पारिवारिक स्वास्थ्य मेला के बैनर तले स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का थीम विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान रहा। साथ हिं पहले पढ़ाई लिखाई पूरा करेंगे फिर शादी की सोंचेंगे का संदेश भी बैनर पोस्टर के माध्यम से दिया गया। मौके पर उपप्रमुख अमेरिका महतो, डॉ नसिफ अंजुम, डॉ विनय कुमार, डॉ शिवेंद्र सिंह, प्रविल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में फटा बॉयलर, चार मजदूर झुलसे

**दो की हालत गंभीर अस्पताल में चल रहा इलाज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चरही।** चिंतपूर्णी स्टील प्लांट का बॉयलर फट गया। इस हादसे में वहां काम कर रहे चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये हैं। आनन फानन में गंभीर रूप से झुलसे सभी मजदूरों को इलाज के लिए रामगढ़ लाया गया। दो मजदूरों का इलाज रामगढ़ के होप हॉस्पिटल में किया जा रहा है। जबकि दो अन्य मजदूरों को रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्लांट प्रबंधन ने बताया कि बॉयलर में जाम होने के कारण अचानक स्पार्क हुआ और बहुत तेज आवाज के साथ फट गया। बॉयलर से निकले गैस से वहां काम कर रहे मजदूर झुलस गए हैं। फैक्ट्री के भट्टी में लोहा गलने का काम चलता रहता था। बुधवार की देर रात लगभग 2:30 बजे भट्टी में विस्फोट हो गया। जिससे वहां काम कर रहे मुन्ना प्रसाद यादव और जितेंद्र यादव गंभीर रूप से झुलस गये। वह दोनों बिहार राज्य के गया जिले के रहने वाले हैं।

**हादसे के बाद सहायता के लिए भटकते रहे मजदूरों के परिजनः** घायल मजदूर मुन्ना प्रसाद यादव के भाई मनीष यादव ने बताया कि हादसे के बाद वह सहायता के लिए भटकते रहे। उनका भाई भट्टी में काम कर रहा था जब हादसे के बाद फैक्ट्री कमेटी से कोई मदद नहीं मिली। प्रबंधन उपेक्षा कर रहा है। वहीं घटना के बारे में फैक्ट्री संचालक संतु भाई मानिक ने बताया कि मामूली दुर्घटना हुई है। दो मजदूरों को हल्की छोटे आई हैं। दो अन्य मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### घायलों को तत्काल नहीं मिली राहत

प्लांट मे जब विस्फोट हुआ था तो उसकी आवाज मांडू बाजार तक पहुंची थी। मांडू थाने में तैनात पुलिस पदाधिकारियों ने भी वह आवाज सुनी। पहले तो लगा कि जैसे पास में कोई बम फट गया। लेकिन बाद में पता चला कि प्लांट में विस्फोट हुआ है। घटनास्थल पर प्रबंधन की ओर से कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिसकी वजह से मजदूरों को काफी परेशानी हुई। घायल मजदूर दर्द से चीखते रहे, लेकिन राहत बचाव कार्य शुरू नहीं हो पाया। मजदूरों को अस्पताल पहुंचने में भी काफी समय लगा।

### प्रबंधन की लापरवाही पर फूटा मजदूरों का गुस्सा

प्लांट प्रबंधन के लापरवाही पर मजदूरों का गुस्सा फूटा। मजदूर प्लांट का गेट जामकर आंदोलन पर उतर गये थे। वे लोग उचित मुआवजा और इलाज की मांग कर रहे थे।

**डीसी ने हादसे की जांच करने का दिया आदेश :** चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में बॉयलर फटने की घटना पर जिला प्रशासन भी गंभीर है। डीसी नैंसी सहाय ने तत्काल अधिकारियों की टीम प्लांट में भेजी। वहां अधिकारियों ने बताया कि चार मजदूर घायल हुए थे, जिसमें दो लोग की हालत गंभीर है। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। किस तरह की लापरवाही बरती गयी है, इस पर अधिकारियों की टीम जांच कर रही है।

# संयुक्त पहल से बाल विवाह रुका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले के चोपनाडीह पंचायत के झलकडीह गांव में 15 साल की बालिका का बाल विवाह रोकने में आरजेएसएस, बीडीओ और थाना प्रभारी के संयुक्त पहल से सफलता मिली। राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान चोपनाडीह एवं सिमरिया पंचायत के 10 गांव में बच्चों का सुरक्षा संरक्षण और सर्वांगीण विकास पर सघन रूप से कार्य प्रारंभ किया है। इसी कड़ी में गांव में बाल मंच और बाल संरक्षण समिति का गठन भी किया गया है। इन संगठन का काम ही है बच्चों का सुरक्षा और अधिकार को सुनिश्चित करना। बाल मंच की बैठक के दौरान बच्चों के द्वारा एक बालिका की शादी की सूचना सुनीता देवी आरजेएसएस कार्यकर्ता को मिली। सुनीता देवी ने सबसे पहले गांव में जाकर स्कूल और समुदाय के लोगों से बात की और लड़की के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सही पाये जाने पर मरकच्चो के प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो और थाना प्रभारी सौरव शर्मा से संपर्क किया। बीडीओ और पुलिस अधिकारी ने पहल करते हुये परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग की। काउंसलिंग के दौरान सुनीता, राजेंद्र, सूरज और अन्य लोग भी उपस्थित थे। काउंसलिंग के दौरान परिवार ने अपनी समस्याओं को साझा की और शादी की तारीख 16 जुलाई तय की गयी थी इस बात को स्वीकार किया। बीडीओ हुलास महतो ने बाल विवाह के दुष्परिणाम और इसके कानून के बारे में बताया। समझाने के बाद परिवार ने बाल विवाह को रोकने का निर्णय लिया। बीडीओ ने बच्ची का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में करवाने का आश्वासन दिया और बच्ची के सावित्री बाई फुले योजना में हो रहे देरी पर त्वरित कार्रवाई करते हुए योजना से जुडाव का निर्देश दिया। राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान और स्थानीय प्रशासन की इस त्वरित और संयुक्त कार्रवाई की वजह से एक नाबालिग लड़की का जीवन संवारने में मदद मिला है।

## कोडरमा में छात्रों को दी गयी साइकिल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)। कल्याण विभाग कोडरमा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के सभी सरकारी विद्यालय के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना निःशुल्क साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के कर्मियों ने संयुक्त रूप से जयनगर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया। निः शुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत 330 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। जिसमें 160 छात्र और 170 छात्राएं शामिल हैं। साईकिल वितरण योजना के तहत जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ककरचोली, बेको, नवादा, पिपचो, पांडु, मध्य विद्यालय घंघरी समेत अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया।**

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के शिवम पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की रात सड़क पार कर रही एक महिला को बाइक सवार युवक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक और सड़क पार कर रही महिला घायल हो गई। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। दुर्घटना में घायल बाइक सवार की पहचान डुमरियाटांड़ निवासी संतोष कुमार पिता उम्र 17 वर्ष स्वर्गीय विजय सिंह और महिला की पहचान जलवाबाद निवासी बुशरा परवीन उम्र 26 पति जमीर उल हक के रूप में हुई है फिलहाल दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।**

# 50 की उम्र में प्रदीप बना सीए

**सफलता उम्र की मोहताज नहीं होतीः प्रदीप हिसारिया**

**गौतम पाल**



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सफलता उम्र की मोहताज नहीं होती। यह साबित कर दिखाया झुमरीतिलैया शहर के अड्डी बांग्ला रोड श्याम बाबा पथ निवासी 50 वर्षीय प्रदीप हिसारिया ने। श्री हिसारिया इस उम्र में सीए क्लियर कर एक नया उदाहरण पेश किया है, और यह शहर के लिए गौरव की बात है। सच कहा है अगर मन में कुछ बनने की इच्छा ठान ली जाये तो कुछ भी संभव नहीं है। एक साक्षात्कार में श्री हिसारिया ने कहां की सकारात्मक सोच वह काम के तरीके में बदलाव कर उम्र की किसी भी दहलीज को चुनौतियों को दी जा सकती है। मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। उन्होंने कहा यह बात सच है कि हमारे शरीर के कार्य करने की एक सीमा है उम्र बढ़ाने के साथ शरीर के कार्य करने की क्षमता घटती जाती है लेकिन ऐसे तमाम उदाहरण है जो लोगों ने साबित कर दिया है कि अगर कुछ कर गुजरने की हौसला हो तो उम्र और चुनौतियों से पर पाया जा सकता है लेकिन इसके लिए सकारात्मक सोच और उत्साह सबसे महत्वपूर्ण है उन्होंने यह भी कहा कि आप उतने ही युवा है जितना आप महसूस करते हैं किसी भी उम्र में कार्य किया जा सकता है हो सकता है इसके लिए आपको कार्य करने के तरीके में बदलाव करने पड़े तो इसके लिए पीछे ना हटे निरंतर आगे बढ़ते रहे।

# ट्रैक-ट्रैक्टर में भिड़ंत एक व्यक्ति की मौत

**परिजनों ने 13 माईल के पास किया सड़क जाम, अंचलाधिकारी के आश्वासन पर जाम हटाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव-हजारीबाग पथ के टीपी 4 घाटी में आज अहले सुबह विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चपेट में आने से ईंट लदा ट्रैक्टर का परखाचे उड़ गया। इस दौरान ट्रैक्टर में सवार तीन लोग घायल हो गये। तीनों घायलों मुन्ना कुमार, पिंटू कुमार, चखनू भुइयां तीनों ग्राम महुगाईकला को इलाज के लिए बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां एक की स्थिति गंभीर होने के कारण मुन्ना कुमार पिता सोमर साव को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग में भी इलाज के बाद स्थिति गंभीर होने के कारण रांची रिम्स रेफर किया गया जिसकी मौत रास्ते में हो गयी। मौत की सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर बड़कागांव-हजारीबाग पथ 13 माईल के पास सड़क को जाम कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, डाडीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार अपने-अपने दलबल के साथ पहुंचकर परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच दूसरी ओर घटना की सूचना पाकर विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार सहित कई लोग पहुंचे। विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के बीच वार्ता की गयी। वार्ता के दौरान त्रिवेणी सैनिक कंपनी सहानुभूति के तौर पर एक लाख नगद मुआवजा, सरकारी प्रावधान के तहत आपदा राहत कोष से अंचलाधिकार एक लाख और अन्य सरकारी नियमावली के तहत मृतक के परिजन को लाभ देने के आश्वासन के बाद लगभग 2:00 बजे सड़क जाम छूटा। वही थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल द्वारा ट्रक और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर बड़कागांव थाना लाया गया। इधर मृतक के पिता सोमवार साव द्वारा हजारीबाग सदर अस्पताल में पुलिस के समक्ष बयान देकर ट्रक नंबर जेएच 02 एएल-5604 के मालिक और चालक के विरुद्ध ब्यान देते हुए कार्रवाई की मांग की है। ट्रक खाली हजारीबाग की ओर से बड़कागांव आ रहा था जबकि ट्रैक्टर महुगाइकला से ईंट लाद कर हजारीबाग जा रहा था। ट्रैक्टर महुगाइकला निवासी दीपक साव का बताया गया।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना प्रांगण में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता और संचालन थाना प्रभारी संतोष कुमार ने किया। बैठक में इंस्पेक्टर शमीम रजा, बीडीओ संतोष कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम उपस्थित हुए। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने सरकारी गाइड लाइन की जानकारी देते हुए सभी अखाड़ा धारियों को नियमों का पालन करने तथा शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने और भाईचारगी का मिशाल पेशा करने की सलाह दिया। सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने सभी गावों के अखाड़ा धारियों से जुलूस के दौरान होने वाली परेशानियों की जानकारी लिया और मिलजुलकर निदान करने पर बल दिया। इंस्पेक्टर शमीम रजा ने कहा कि जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही जुलूस में अंजुमन कमिटी से संबंधी बैनर पर सदर समेत अन्य पधाधिकारी का नाम का नाम मोबाइल नंबर के साथ लगाना जरूरी बताया। बीडीओ संतोष कुमार ने मार्ग में आने वाली कठिनाइयों और समय पर जुलूस को समाप्त करने कई सलाह दिया। गोबरबन्द अंजुमन कमिटी के सिकंदर अंसारी ने प्रशासन के समय पर जुलूस को समाप्त करने का भरोसा दिया। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर अंसारी, भाजपा नेता ओमप्रकाश मेहता, मुखिया उमेश प्रसाद मेहता, मोहम्मद हकीक, मुरली मेहता, छोटन प्रसाद मेहता, मुबारक अली, सकुर मियां, मोहम्मद इस्माइल ,सरफुल हक, तहकीक अंसारी आदि मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस हजारीबाग जिला अध्यक्ष बने सरयु साव



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) हजारीबाग जिला अध्यक्ष सरयू साव बनाये गए। इस संबंध में जेबीकेएसएस के अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने हजारीबाग जिला कमेटी का गठन किया है। जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड उपप्रमुख सरयु साव को जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया। साथ ही लोगों ने दूरभाष और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दिया है। सरयू साव ईमानदारी, मेहनत और संघर्ष के बदौलत गोविंदपुर पंचायत के पंचायत समिति बन, प्रखंड के युवा उपप्रमुख बने। विष्णुगढ़ प्रखंड के छोटे से गांव गोविंदपुर के निवासी हैं। इनके बारे में माना जाता है की पूरे प्रखंड की जनता के बीच हर दुख सुख में हमेशा खड़े रहते हैं। लोकसभा चुनाव में सरयू साव ने पूरी तन, मन, धन से समर्थन कर जेबीकेएसएस प्रत्यासी को पूरे जिले में विष्णुगढ़ प्रखंड को अव्वल रखा। जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर उप प्रमुख सरयु साव ने जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो समेत पूरे केंदीय टीम का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जेबीकेएसएस ने जिला अध्यक्ष की जो बड़ी जिम्मेदारी दी है उसका ईमानदारीपूर्वक निर्वाहन करूंगा और झारखंड मांगे जयराम अभियान को हर घर पहुंचाने का कार्य करूंगा। बधाई देने वालों में पूर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल, जिप सदस्य पूर्वी सरयू पटेल, उमेश कुमार, विजय कुमार, गुलाब महतो, सनी कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, सत्यनारायण महतो, रामटहल महतो समेत प्रखंड के समस्त झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कार्यकर्तागण शामिल हैं।

## आइसेक्ट विवि में किया गया पौधरोपण




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस परिसर में अलग-अलग किस्म के 300 पौधे लगाये गये। दरअसल भारत सरकार राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पूरे देश में वन महोत्सव सप्ताह 1 से 7 जुलाई तक मनाया गया। इसी के अंतर्गत जुलाई के महीने में वन संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम के तहत आइसेक्ट विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के बैनर तले विश्वविद्यालय के एनएसएस युनिट-एक के हेरा फातिमा, तनिश्का कुमारी, पूजा कुमारी, आशुतोष कुमार दूबे, सहित कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने पौधरोपणरोपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि पेड़-पौधे ही हमारा जीवन रक्षक है। साथ ही पेड़-पौधों की अधिकता मानव जीवन को स्वस्थ्य रखने में मदद करता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि जिस तरह विलासिता जिंदगी ने पर्यावरण को हानि पहुंचायी है, अगर समय रहते इसपर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरा मानव समुदाय पर गहरा संकट आ सकता है। असमय वर्षा, अत्यधिक तापमान कुछ ऐसी निशानियां हैं, जो हमें सचेत कर रही है। ऐसे में सबसे अहम पौधारोपण है। साथ ही इसके वृक्ष बनने तक पूरी देखभाल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता भी जरूरी है। विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूकता भी फैलायी जा रही है। एनएसएस अधिकारी डॉ रोजिकांत ने बताया कि पेड़ वाकई एक मां का किरदार निभाती है। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम जागरूकता के साथ साथ एहसास भी है, जो आम इंसान को सीधे प्रकृति से जोड़ती है। एनएसएस अधिकारी डॉ प्रीति व्यास ने भी पेड़-पौधे की अहमियत से लोगों को रूबरू कराया। इस मौके पर एनएसएस युनिट एक के विद्यार्थियों के साथ साथ कृषि विभाग के विद्यार्थी भी मौजूद थे।

## छात्रा ने प्राचार्य पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत एक विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा छात्रा के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने का मामला सामने आया है। दरअसल प्रखंड के एक स्कूल में पढ़ रही कक्षा 6 की छात्रा ने वहां के प्राचार्य पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। नाबालिग पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शिक्षक के द्वारा छेड़खानी, अभद्रता और उसकी पत्नी के द्वारा मारपीट की गयी है। पीड़िता का आरोप है कि शिक्षक के द्वारा पीड़िता को सुबह के चार बजे जबरदस्ती बुलाया गया। नहीं आने पर पीड़िता को प्राचार्य के द्वारा उठा कर कमरे में ले जाया गया और जबरदस्ती की गयी। परिजनों से बात करने पर पता चला कि पीड़िता के शरीर में नाखून मारने के, दांत से काटने और चोट के निशान हैं। पुरे मामले पर कटकमदाग थाना प्रभारी ने कहा की आवेदन प्राप्त हुआ है और आवेदन के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा की पीड़ित छात्रा का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया गया है और मेडिकल भी कराई गयी है। उन्होंने कहा की मामले की गहनता से जांच की जा रही है औश्र जो भी दोषी पाये जायेंगे उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वही आरोपी प्राचार्य से पूछे जाने पर कहा की सारे आरोप बेबुनियाद है। मेरा अपने छात्रों के साथ हमेशा गुरु शिष्य का रिश्ता रहा है। मैं सभी तरह के जांच में सहयोग करने को तैयार है।

## परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू परिसर में परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख चंद्रमनी देवी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रश्मि रोमिला सांगा ने बताया कि आगामी 30 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जायेगा। योग्य दंपति परिवार पूर्ण होने पर स्थायी विधि जिसमें महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी अपनाने और अस्थायी विधि अंतरा, ओसीपी, कंडोम, आईयूसीडी आदि का उपाय प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ पंचम, डॉ मनितोष, डॉ अनुभा, राहुल कुमार प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, बीएम संजीत कुमार, बीडीएम रंजीत कुमार, सहिया साथी कुंती देवी, शबैया पांडेय आदि शामिल थे।

## सेल ने विद्यालय को दिया खेल सामग्री



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सेल रिफ्रैक्ट्रीज यूनिट रांचीरोड ने सीएसआर योजना के तहत राजकीयकृत मध्य विद्यालय सेवटा को खेल, पाठ्य सामग्री व स्लाईडर प्रदान किया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद यूनिट के प्रभारी महाप्रबंधक बीबी कांता ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने व प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत करने में उक्त सामग्री सहायक सिद्ध होगी। इससे पूर्व एसआरयू के अधिकारियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा बूके देकर किया गया। मौके पर जीएम एफएंडआर आरके साहा, पीके गुप्ता, संतोष कुमार, नगर पार्षद कौशल्या देवी, रीता देवी, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## लोधमा हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के लोधमा गांव में श्री श्री 108 मारुति नंदन नवनिर्मित मंदिर को लेकर महायज्ञ का आयोजन किया गया, यज्ञ के पांचवें दिन नगर भ्रमण का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए, नवनिर्मित हनुमान जी की मूर्ति को लेकर पूरे गांव में बैंड बाजा और गाजे बाजे के साथ हनुमान की प्रतिमा को घुमाया गया। इस मौके पर भारी संख्या में गांव के राम भक्त श्रद्धालु शामिल रहे शिवालय मंदिर परिसर से केसरिया वस्त्र धारण किए सभी श्रद्धालु जय श्री राम श्री राम जय राम जय जय राम, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की, भक्ति भरा जोरदार गगन भेदी उद्घोष से पूरा गांव भक्ति में डूबा रहा, पांच दिवसीय 8 जुलाई से 12 जुलाई तक चलने वाले मारुति नंदन महायज्ञ में नवनिर्मित हनुमान मंदिर पर आज देर शाम पुष्पांजलि की जायेगी और भगवान हनुमान जी प्रतिमा को स्थापित किया जायेगा। यज्ञ आचार्य द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। इस मौके पर यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक रघु यादव संरक्षक शंभू बेदिया, अध्यक्ष बबलू यादव, सचिव राजकुमार यादव, देवनंदन यादव, रोहित यादव, मदन यादव, झरि बेदिया, उपाध्यक्ष धनेश्वर यादव, भानु यादव, इंद्रजीत यादव, लालू कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत गोप, शैलेंद्र यादव, जलेसर बेदिया, शंकर यादव, सहसचिव प्रकाश यादव, दिलीप यादव, सुरेश यादव, नरेश बेदिया, गोपाल यादव सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धालु मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा नगर भ्रमण में शामिल थे।

## सत्यानंद भोगता पहुंचे मां भद्रकाली मंदिर, की पूजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के मंत्री सत्यानंद भोगता झारखंड सरकार में पांचवीं बार कैबिनेट मंत्री बनने के बाद हजारों समर्थकों के साथ पहली बार चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड स्थित विश्वप्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने मंदिर परिसर में वृक्षारोपण भी किया और जिले की जनता मालिकों के स्नेह और प्यार के लिए आभार जताया। माननीय मंत्री के मंदिर आगमन पर राजद कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल-नगाड़ा बजाकर और आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव समेत हजारों समर्थक मौजूद थे। इसके अलावा सत्यानंद भोगता ने चतरा सदर अस्पताल में विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सत्यानंद भोगता ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सभी को जन जागरूकता अभियान चलाने का अपील की। इस मौके पर राजद के जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक मनीष लाल समेत अन्य चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## साईं बाबा मंदिर का 14वां वार्षिकोत्सव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** साईं सेवा समिति के तत्वावधान में भुरकुंडा बाजार मेन रोड स्थित साईं मंदिर में गुरूवार को धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ 14वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम साईं बाबा को शाही स्नान कराया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी जनार्दन भारती और कमलेश भारती द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच साईं बाबा की विशेष पूजा की गयी। पूजा में शामिल दर्जनों भक्तों ने बाबा साईं के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत महाआरती किया गया। तत्पश्चात बाबा की पालकी का नगर भ्रमण कराया गया। जो भुरकुंडा बाजार से शुरू होकर, जवाहर नगर, बौनर धौड़ा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचा। नगर भ्रमण में सैकड़ों साईं भक्त शामिल हुए। शाम में भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। इसमें सैंकड़ों महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह, सचिव हरिनारायण व उपाध्यक्ष अशोक सोनी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में सुख-समृद्धि का भी आगमन होता है। पूजा-अर्चना में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, समाजसेवी गिरधारी गोप, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, चंदन साव सहित दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में साईं सेवा समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह, सचिव हरिनारायण, उपाध्यक्ष अशोक सोनी, अजय गुप्ता, मुकेश, मनोज, गुड्डू सिन्हा, बुधन गोस्वामी, बसंत सिंह गुप्ता, हर्ष कुमार, गोलू, राजकुमार गिरी, परमजीत कौर, अंजू देवी, गोट्टा सिंह, मन्नू, तनुजा दिनेश सहित दर्जनों भक्तों का विशेष योगदान रहा।

# लघु उद्योग भारती ने किया रामगढ़ में उद्यमी सम्मेलन का आयोजन

**हमारा देश उत्कृष्ट उत्पाद से लेकर शिक्षा तक विश्व गुरु रहा है: प्रकाश चंद**

आजाद सिपाही संवाददता

**रामगढ़।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की उन्नति से हीं राष्ट्र के समग्र विकास और चहुंओर खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होगा। उक्त बातें लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में रांची में आयोजित उद्यमी सम्मेलन में लघु उद्योग भारती के संगठन मंत्री प्रकाश चंद ने कही। श्री प्रकाश ने कहा कि हमारा देश उत्कृष्ट उत्पाद से लेकर शिक्षा तक विश्व गुरु रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नालंदा विश्वविद्यालय अनुकरणीय उदाहरण है। उत्पाद की दृष्टि से लंदन में हमारे कपड़े की खरीद लाइन लगा कर करते थे। तो मसालें दुनिया भर में लोकप्रिय थे। इसके पीछे हम सब वसुधैव कुटुंबकम की धारणा का अनुशरण करते थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।



### उद्यमी दुनियां की हर चुनौती को झेलने में सक्षम: इंद्र अग्रवाल

**राष्ट्रीय सचिव और झारखंड प्रभारी इंद्र अग्रवाल ने कहा कि झारखंड में सफलता से उद्योग चलाने वाला उद्यमी दुनियां की हर चुनौती को झेलने में सक्षम हो जाता है। प्रदेश अध्यक्ष विजय छापरिया ने सरकार की उदासीनता से प्रदेश में उद्योगों पर पड़ते प्रतिकूल प्रभाव पर प्रकाश डाला।**

**औद्योगिक उन्नति से झारखंड की तरक्की का भी मार्ग प्रशस्त होगा: विजय मेवाड़:** प्रदेश महामंत्री विजय मेवाड़ ने कहा कि औद्योगिक उन्नति से झारखंड की तरक़्की का भी मार्ग प्रशस्त होगा। उद्यमियों की मौजूदा समस्याओं के निराकरण पर बल दिया। प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण झा ने कहा कि उद्यमियों के समक्ष जमीन से लेकर पूंजी की व्यवस्था करने के अलावा स्थानीय समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार का ध्यानाकृष्ट कराया। श्री झा ने कहा कि उद्योगों के तकनीकी अपग्रडेशन के जरिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा आसानी से बनाया जा सकता।

इस अवसर पर चार उद्यमियों में आदित्य अग्रवाल, पीयूष बरेलिया और रांची से रमेंद्र कुमार व राजीव वर्मा को राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने अंग वस्त्र पहना कर सदस्यता दी। मंच संचालन वरुण बागड़िया ने किया। एमएसएमइ के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव (भाप्रसे), सहायक निदेशक गौरव कुमार, एफजेसीसीआइ के महासचिव परेस गट्टानी, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सरायकेला ज़िला सचिव सपन मजूमदार, प्रांतीय कार्यकारी सदस्य आशा सिन्हा, रांची महानगर महिला इकाई की सचिव नीतू सिंह, अखिलेश्वर नारायण सिंह, एफजेसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, संयुक्त अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, प्रकाश हेतामसरिया, सुनील गुप्ता, सत्यप्रकाश पांडेय, विनोद शर्मा, जमशेदपुर से प्रदीप जैन, निलेश सेठ, विश्व हाजरा, मनोज सिंह, विकास चंद्र, राकेश अग्रवाल, रामगढ़ से राधेश्यम अग्रवाल गोविंद मेवाड़, आनंद चौधरी, आनंद सराफ, विजय पोद्दार, संजय शर्मा, उमेश राजगढ़िया, सूरज अग्रवाल, जेपी सिंह, राजेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, राजेश मानकसिया, रुपेश गुप्ता, रामप्रवेश गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, रोहित पंसारी, मनमोहन सिंह लांबा, अमन सिंह दुमका से केएन सिंह आदि मौजूद थे।

### केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम ने राज्य के सभी डीसी के साथ की बैठक

# झारखंड में पांच चरणों में नहीं होगा चुनाव वोटर लिस्ट होगा अपडेट : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर झारखंड में दो दिवसीय दौरे पर है। इस दौरान गुरुवार को केंद्रीय चुनाव उपायुक्त ने पतरातू में आयोजित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक में राज्य के तमाम डीसी के साथ बैठक की। पतरातू लेक रिजॉर्ट में आयोजित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में राज्य के तमाम डीसी शामिल हुए हैं। इस बैठक में केंद्रीय उपचुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नितेश कुमार व्यास आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कैसे तैयारी करनी है इस पर चर्चा की गयी। लोकसभा चुनाव के दौरान जिन स्थानों पर त्रुटियां रह गयी थी, उसे दूर करना है। मतदाताओं को कैसे बूथ तक पहुंचाना है, यह बेहद जरूरी है। मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़े यह एक बेहद गंभीर विषय है। हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और उसे उदासीनता से निकालकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी देने के लिए प्रोत्साहित कैसे किया जाये इस पर विचार किया गया। उन्होंने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एसपीएनओ अमोल वी होमकर, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ आयोग की टीम पतरातू पर्यटन विहार स्थित सभागार में झारखंड में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक किया।




**झारखंड में पांच चरणों में नहीं होगा चुनाव, वोटर लिस्ट होगा अपडेट:** द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में केंद्रीय चुनाव आयोग के उपचुनाव आयुक्त ने एक बड़ा निर्णय लिया है। बैठक के दौरान यह बात स्पष्ट हो गयी है कि झारखंड में पांच चरणों में चुनाव नहीं होंगे। यहां कितने चरणों में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न की जायेगी, इसकी घोषणा जल्द ही होगी। बैठक से बाहर निकल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इस बात की जानकारी दी है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अभी विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। ऐसे सभी वोटरों को इसमें शामिल करना है, जो 18 वर्ष से ऊपर हो चुके हैं। बीएलओ घर-घर जाकर लोगों से बात कर रहे हैं। झारखंड में हर व्यक्ति को वोटर लिस्ट में जोड़ने का काम शुरू किया जायेगा। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने की वजह को भी उजागर किया जा रहा है। किन बिंदुओं पर कमी रही है, उसे दुरुस्त किया जाना है। किस तरह मतदाताओं को जागरुक कर उन्हें मतदान केंद्र तक लाना है इस पर पूरा ध्यान चुनाव आयोग का है। जो मतदाता बूथ तक नहीं पहुंच सकते हैं, चुनाव कर्मी उनके घर तक पहुंचेंगे। इसके अलावा युवा मतदाताओं पर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। लोकतंत्र में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी हो इसे लेकर अभी से ही योजना तैयार की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की लोगों को दी गयी जानकारी

**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार गुरुवार को प्रखंड के डुमरी खुर्द, डुमरी कला, सोवादाग आदि गांव में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को 13 जुलाई को चतरा न्यायालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया गया। लोगों से लोग अदालत में जाकर अपने सुलहनीय मामलों का निष्पादन करने की अपील की गयी। इसके अलावा नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में लोगों को बताया गया। जागरूकता अभियान सह राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार का कार्य हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव ने संयुक्त रूप से किया।

# जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने दिया धरना

**देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बेहद जरूरी: अर्चना**

**पीएम का नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार को जिला समाहरणालय के समक्ष धरना दिया गया। धरना के उपरांत प्रधानमंत्री के नाम 11 सूत्री मांग पत्र डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव अर्चना महतो ने कहा कि अंधाधुन संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है। एक वर्ग विशेष द्वारा रणनीति के तहत जानबूझकर बढ़ाई जा रही जनसंख्या और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम वायु वर्ग के बच्चों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झुकना दिखने लगा है। भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष मुक्त भोगी है। परंतु पूर्व की सरकार की विभाजन के तुरंत बाद से जारी तुष्टिकरण की नीति के चलते अब फिर से वैसी ही स्थिति निर्मित होती दिखाई दे रही है।




### पीएम के नाम डीसी को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र

**जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश महासचिव अर्चना महतो के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि सरकार जनसंख्या के उचित समाधान के लिए ऐसा कानून बनाए जिसमें भ्रम की स्थिति ना रहे और जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषायी बंधनों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कानून देश के सभी नागरिकों को पर समान रूप से लागू हो, इस कानून के सभी दंडात्मक प्रावधान कानून अधिसूचित होने की तिथि के 1 वर्ष के पश्चात कानून तोड़कर दूसरी जीवित संतान से अधिक बच्चे की उत्पत्ति करने वाले जैविक माता-पिता पर लागू हो कानून बनने के पूर्व में उत्पन्न 2 से अधिक संतानों के मामले में किसी भी नागरिक पर किसी भी रूप में यह कानून लागू नहीं होगा, जनसंख्या समाधान विषयक कानून अधिसूचित होने की तिथि के 1 वर्ष के पश्चात कानून तोड़कर दूसरी से अधिक संतान उत्पन्न करने वाले दंपति को सरकार द्वारा मिलने वाली सभी प्रकार की सहायता और अनुदान आदि समाप्त किए जाने का प्रावधान कानून में किया जाये सहित 11 मांगे शामिल है।**

**ये थे उपस्थित:** प्रदेश मंत्री छोटू वर्मा, जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी, लाजवंती देवी, विभा देवी, पूनम, आरती मुंडा, सविता कुमारी, शारदा कुमारी, कुर्ती देवी, गंजू देवी, सविता देवी, शीतल देवी, शीला देवी, अनीता देवी, बीना देवी, उर्मिला देवी, नमिता देवी, अनीता देवी, मूंगफली देवी, पुष्पा देवी, डुमरी देवी, पूनम देवी, ललिता देवी, सुलेखा देवी, रिमी देवी, सुषमा देवी, लक्ष्मी देवी, गिरिजा देवी, केशव देवी, किरण देवी, चमड़ी देवी, सोनाक्षी देवी आदि शामिल थी।

## घर में हुई तकरार तो बेटे ने बाप पर चलायी तलवार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** हर घर में नोंक-झोंक और तकरार तो आम बात है। लेकिन रामगढ़ शहर के किसान नगर में एक ऐसी तकरार हुई जिसमें बेटे ने बाप पर ही तलवार चला दी। मारपीट और तलवारबाजी की इस घटना में किसी को कोई गंभीर चोटें नहीं आई, लेकिन यह पूरा मामला अब रामगढ़ थाने पहुंच चुका है। रामगढ़ पुलिस इस मामले में अब आगे की कार्रवाई कर रही है। बाप पर तलवार चलाने वाला रामगढ़ का मुर्गी व्यवसाई गुलाम सरवर उर्फ बीरबल खान है, जिस पर बाप ने ही प्राथमिकी दर्ज कराई है। रामगढ़ थाने में शेख कमरुद्दीन ने अपने बेटे के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। शेख कमरुद्दीन ने पुलिस को यह बताया कि वह अपनी पत्नी बीबी अकलीमा के साथ अपने छोटे बेटे नवाज शरीफ उर्फ राजा खान के किसान नगर स्थित घर में रह रहे थे। इसी बीच उनके दूसरे बेटे गुलाम सरवर उर्फ बीरबल खान अपनी पत्नी असगरी खातून और बेटी रोजी परवीन के साथ मिलकर उन्हें पहले तो गाली गलौज करने लगे। उन्हें घर खाली करने को कहा, इसके बाद मां-बाप को ही अंजाम भुगतने की धमकी दी। बात बढ़ी तो बीरबल खान ने तलवार निकाली और अपने पिता पर ही हमला कर दिया। बीरबल खान की पत्नी असगरी खातून और बेटी रोजी परवीन भी पीछे नहीं रही। उन लोगों ने भी ईंट पत्थर से हमला करना शुरू कर दिया, जिसमें दोनों बुज़ुर्ग पति-पत्नी को चोटें आई हैं।


E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
**Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi**
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

पत्रांक : 1003/राँची **सूचना** दिनांक : 11.07.2024

एतद् द्वारा झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि0 से सम्बद्ध वैसे सहकारी समितियाँ जिनके द्वारा बैंक में निर्धारित एक शेयर का **न्यूनतम अंशदान मो0 5000/- (पाँच हजार रूपये)** की राशि जमा कर शेयर प्राप्त नहीं किया गया है, उन्हें सूचित किया जाता है कि **दिनांक – 19.08.2024** तक राशि जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि आगामी होने वाले वार्षिक आमसभा में सभी शेयरधारकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

निवेदक
ह0/-
अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि0, राँची।

**भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान**
**कटक-753006 (ओडिशा), भारत**
**ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE**
**Cuttack-753006, Odisha. India**

**विज्ञापन संख्या/ ADVERTISEMENT No.-17/SH/2024-25**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"चुने हुए प्रक्षेत्रों में और बागवानी फसलों की उच्च उत्पादकता हेतु संकर फसलों (चावल) की संकर प्रैद्योगिकी पर आईसीएआर कंसोर्टियम अनुसंधान मंच" (ईएपी-209)** परियोजना के लिए एक (01) स्किल्ड हेल्प के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षातकार दिनांक कृमश: 02.08.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तो के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https//icar-nrri.in** पर उपलब्ध है।

Walk-in-Interviews will be held on 02.08.2024 for selection of **one (01) Skilled Help** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"ICAR-Consortium research platform on hybrid crops (rice) hybrid technology for higher productivity in selected field and horticulture crops" (EAP-209)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.

**प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR**

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
**धनबाद मंडल** **धनबाद, दिनांक: 10.07.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती है। वेबसाइट विवरण **https://gem.gov.in** के माध्यम से सक्षम ठेकेदारों से बोलिया आमंत्रित करते है। विवरण निम्नानुसार है:
**जेम बोली संख्या: GEM/2024/B/5138818, दिनांक 08-07-2024**
**क्र. सं. 1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन की अवधि:** धनबाद, गोमोह एवं बरकाकाना टीटीई विश्राम कक्ष के लिए भोजन पकाने, केयरटेकर रखने, लिनन की धुलाई, समाचार पत्र, वाणिज्यिक रसोई गैस की आपूर्ति हेतु 730 दिनों की ई-निविदा।, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि**-रू0. 56,21,949/-, **3. अग्रधन राशि**-रू0. 112500/-, **4. ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**- ई-निविदा बंद होने की तारीख 29.07.2024 को 18:00 बजे।, **5. ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय**- ई-निविदा खुलने की तारिख 29.07.2024 को 18:30 बजे।, **6. वेबसाइट का विवरण: https://gem.gov.in** ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
**स0वा0प्र0, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**
पीआर/00672/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24-25/36

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना क्रमांक: ई-निविदा/2024/23,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो 15.30 बजे खोली जाएगी: **क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं : **1. ई-केजीपी-साउथ-27-2024,** एडीईएन/बीएलएस के अधीन रूपसा-बांगरीपोसी खंड में बुरामारा, जोगल राजलुकाह, जुगपुरा कृष्णचंद्रपुर, ठाकुरतोटा प्लेटफॉर्म पर पाइप लाइन कार्य और पंप हाउस के निर्माण के साथ डीप ट्यूबवेल वाटर टैंक स्टेजिंग का प्रावधान। (द्वितीय आमंत्रण)। **निविदा मूल्य:** रु. 1,87,31,681.87, **बयाना राशि:** रु. 2,43,700/-, **2. ई-केजीपी-एचक्यू-19-2024,** सीपीटी यार्ड सहित पांसकुड़ा (छोड़कर) से हल्दिया (लेकर) खंड में दिनांक 01.07.2024 से 30.06.2026 तक (02 वर्षों के लिए) मौजूदा संरचना में नए कार्यों के निष्पादन के अलावा संयोजन एवं परिवर्तन, विशेष मरम्मत कार्य, निर्माण सामग्री की आपूर्ति, प्रत्येक कार्य का मूल्य 5,00,000/- रुपये से अधिक नहीं होगा और साधारण मरम्मत और रखरखाव कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,56,66,569.20, **बयाना राशि:** रु. 2,78,300/-, **3. ई-केजीपी-एचक्यू-20-2024,** तमलुक से दीघा खंड में दिनांक 01.07.2024 से 30.06.2026 तक (02 वर्षों के लिए) मौजूदा संरचना में नए कार्यों के निष्पादन के अलावा संयोजन एवं परिवर्तन, विशेष मरम्मत कार्य, निर्माण सामग्री की आपूर्ति, प्रत्येक कार्य का मूल्य 5,00,000/- रुपये से अधिक नहीं होगा और साधारण मरम्मत और रखरखाव कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,52,14,067.14, **बयाना राशि:** रु. 2,76,100/-, **4. ई-केजीपी-वेस्ट-23-2024,** डीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत पॉइंट, क्रॉसिंग एवं टंग रेल का पुनरुद्धार। **निविदा मूल्य:** रु. 1,28,57,761.28, **बयाना राशि:** रु. 2,14,300/-, **5. ई-केजीपी-एचक्यू-18-2024,** एडीईएन/टीएमजेड के कार्यक्षेत्र में एफओबी/आरओबी का नवीनीकरण/मरम्मत एवं अन्य विविध कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 71,95,533/-, **बयाना राशि:** रु. 1,43,900/- **निविदा कागजात का मूल्य:** प्रत्येक हेतु रु.0, **खुलने की तिथि:** क्रम सं. 1 हेतु दिनांक 26.07.2024, क्रम सं. 2, 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु दिनांक 01.08.2024 और क्रम सं. 5 हेतु दिनांक 31.07.2024, **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1 हेतु 12 माह, क्रम सं. 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु 24 माह, क्रम सं. 4 हेतु 06 माह और क्रम सं. 5 हेतु 04 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** क्रम सं. 1 हेतु दिनांक 12.07.2024 से 26.07.2024 को 15.00 बजे तक, क्रम सं. 2 से 4 हेतु दिनांक 18.07.2024 से 01.08.2024 को 15.00 बजे तक और क्रम सं. 5 हेतु दिनांक 17.07.2024 से 31.07.2024 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **www.ireps. gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-369)**

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 7261 Dated 09.07.2024, I, JAHID ALI, S/o- Liyakat Mian, Aged 42 years, by faith-Islam, residing At- M. No. 127, Ara Dumarbera, Near Masjid, P.O- Sarubera, P.S- Mandu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under :- 1. That my actual & correct name is JAHID ALI which has been mentioned in my Aadhar card bearing Aadhar No. 6061 6400 6035 and PAN card bearing PAN No. AMNPA5392C. 2. That I was previously known with the same name as MD JAHID ALI mentioned in my Bank passbook Bearing A/c No. 486920110000026 at Bank of India Sarubera Branch But pass boave changed the name/spelling in all her OVD's (Aadhar card) and from fature she will be known with the same name/spelling as mentioned in my Aadhar card/PAN/Voter Id/Passport/Driving License and I will not change my name again and If there persists any discrepancy/fraud due to name/spelling change I will be solemnly responsible for the same, and Bank does not stands for any Liablity in name change. 3. That JAHID ALI and MD JAHID ALI both name are same and single person i.e Myself. 4.That this affidavit is meant/required for the authority concerned at Bank for name change in my Account. 5. That all the above statements are true to the best of my knowledge and are correct.

# आतंकियों के मंसूबे

जम्मू कश्मीर के कठुआ में सोमवार को सेना के काफिले पर हुआ आतंकवादी हमला इस बात की नये सिरे से पुष्टि करता है कि बदले हालात में आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का जल्द से जल्द और अधिकाधिक तीव्रता से अहसास कराना चाहते हैं। हाल के दिनों में अंजाम दी जा रही आतंकी घटनाओं में कुछ नये पैटर्न दिख रहे हैं, जो कई लिहाज से गौर करने लायक हैं। इसी साल की बात करें तो जम्मू क्षेत्र में छह बड़ी आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें रियासी क्षेत्र में बस पर हुआ हमला शामिल है, जिसमें 9 तीर्थयात्री मारे गये थे। पहली बात तो यह कि तीर्थयात्रियों को निशाना बनाना भी जम्मू कश्मीर में हिंसा की पृष्ठभूमि को देखते हुए कोई सामान्य बात नहीं है। दूसरी बात यह कि घाटी में सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई चौकसी के मद्देनजर आतंकी तत्वों ने जम्मू के अपेक्षाकृत शांत माने जा रहे इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ायी है। जिस सफाई से आतंकी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, इसके लिए उपयुक्त स्थान और समय को चुना जा रहा है, वारदात के बाद आतंकवादी मौके से सुरक्षित निकल जा रहे हैं, यह सब बगैर स्थानीय समर्थन के संभव नहीं है। जाहिर है, इस बीच आतंकियों का एक लोकल सपोर्ट नेटवर्क खड़ा हो गया है। आतंकी हरकतों में हुए इस इजाफे को खुफिया सूत्रों से मिली इस सूचना से अलग करके नहीं देखा जा सकता कि करीब दो महीने पहले ही सीमा पार से बड़ी संख्या में आतंकवादियों की घुसपैठ कराई गयी है। हालिया आतंकी घटनाओं पर बारीकी से गौर करें तो साफ हो जाता है कि प्लानिंग से लेकर इम्प्लीमेंटेशन तक पूरी प्रक्रिया अच्छी तरह प्रशिक्षित लोगों द्वारा अंजाम दी जा रही है। इस संदर्भ में देखें तो साफ है कि सीमा पार बैठे आकाओं का मकसद इन आतंकी वारदात के जरिए जम्मू कश्मीर में अशांति का संदेश देना और जैसे भी संभव हो जम्मू कश्मीर में आगामी चुनावों की प्रक्रिया को मुल्तवी कराना हो सकता है। पिछले लोकसभा चुनावों में हुए 58.6% मतदान ने निश्चित रूप से आतंकवादियों के आकाओं को परेशान किया होगा, जो पिछले 35 वर्षों का जम्मू कश्मीर का सबसे ऊंचा मत प्रतिशत है। ऐसे में इन आतंकवादी घटनाओं पर काबू पाना तो महत्वपूर्ण है ही, लेकिन सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकी तत्वों के मंसूबे पूरे न हों। चुनाव हर हाल में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गयी 30 सितंबर की समय सीमा के अंदर संपन्न किये जायें और जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा भी जल्द से जल्द दिया जाये। आखिर आतंकवाद की जड़ में मट्ठा डालने का एक प्रभावी तरीका निर्णय प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना भी है।

**जिस सफाई से आतंकी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, इसके लिए उपयुक्त स्थान और समय को चुना जा रहा है, वारदात के बाद आतंकवादी मौके से सुरक्षित निकल जा रहे हैं, यह सब बगैर स्थानीय समर्थन के संभव नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है।**

# भारत की परिवार नियोजन यात्रा: हमारे निर्णायक क्षण और चुनौतियां



**जगत प्रकाश नड्डा**



इस विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के अवसर पर, हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

**भारत का नेतृत्व और प्रगति :** जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आइसीपीडी) के 30वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है, भारत ने न केवल आइसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है, बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों, विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

**जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया :** भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि, परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है। 10-24 वर्ष की आयु के 369 मिलियन युवाओं के साथ, भारत एक परिवर्तनकारी जनसांख्यिकीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तैयार है। इसके अलावा, पिछले कुछ दशकों में, इस कार्यक्रम में काफी विकास हुआ है और परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को अपनाया गया है, जिसमें क्लिनिक-आधारित से लेकर लक्ष्य-उन्मुख तरीके और अब परिवार नियोजन विकल्पों को स्वैच्छिक रूप से अपनाना शामिल है। यह बदलाव आबादी की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को ढालने का प्रतिनिधित्व करता है।

**इस विश्व जनसंख्या दिवस पर, आइए हम सभी भारत भर के वंचित और कमजोर समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य बनाने का संकल्प लें।**

राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गयी उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं, लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030 के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नयी रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं, जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। इसके साथ-साथ परिवार नियोजन को मातृ एवं शिशु रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए भी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है और इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसने समग्र नीतिगत उद्देश्यों को व्यापक तरीके से विस्तारित किया है।

भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ, यह रणनीति विवाह की आयु, पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है।

**मिशन परिवार विकास (एमपीवी): परिवार नियोजन में बदलाव :** भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक, मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था।

यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिये जागरूकता), युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नयी पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। साथ ही, एक मजबूत परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सूचना प्रणाली का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और गर्भनिरोधकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को तैयार किया गया था।

आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में उल्लेखनीय रूप से सुधार हुआ और कार्यक्रम में शामिल जिलों में इनके उपयोग में तेजी देखी गयी, जो एमपीवी कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

**राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तार:** जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप, वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरूआती चरण में हैं, जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है।

**कार्रवाई का आह्वान :** हम विश्व जनसंख्या दिवस 2024 मना रहे हैं, जिसका विषय है मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल। हम अपने राज्य समकक्षों के प्रयासों और हमारे स्वास्थ्य कार्यबल, जिसमें एएनएम, आशा और अन्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हैं, के अथक समर्पण को स्वीकार करते हैं, जो महत्वपूर्ण जानकारी और सेवाएं देने में सबसे आगे हैं। दुनिया के युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बच्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे देश में रहता है, जो हमें जनसांख्यिकीय लाभांश का अनूठा उपहार देता है, साथ ही हमारे लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच महत्वपूर्ण है। सरकार पहुंच से संबंधित बाधाओं, गर्भनिरोधक विधियों के बारे में गलत धारणाओं, जरूरतमंदों के बीच जागरूकता की कमी, भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों और प्रतिबंधात्मक सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानदंडों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवार नियोजन सेवा अदायगी में सुधार के लिए पर्याप्त निवेश किया जा रहा है, जिसमें अस्थायी और दीर्घकालिक गर्भनिरोधक विधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, पर्याप्त बजटीय आवंटन और स्वास्थ्य सुविधाओं और सामुदायिक कार्यकताओं के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति बनाये रखना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के तेज विकास को देखते हुए, सरकार हमारे विजन को इससे जोड़ने और प्रसारित करने के अवसर का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सूचना और सेवाओं तक पहुंच के मामले में कोई भी पीछे न छूट जाये।

हमारे परिवार नियोजन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग और समर्पण की आवश्यकता है। गर्भनिरोधक विधियों की सीमा का विस्तार करके हमारे युवाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इसके अलावा, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को सतत विकास, शहरीकरण और प्रवास की जटिलताओं का समाधान करना चाहिए। इन कारकों को हमारी नीतियों में एकीकृत करना यह सुनिश्चित करता है कि जनसांख्यिकीय वृद्धि समाज के सभी वर्गों के लिए एक स्थायी भविष्य और समावेशी समृद्धि के रूप में सामने आये।

सफल लक्ष्य कार्यक्रमों की गूंजती हुई प्रतिध्वनियों का विशिष्ट रणनीतियों के साथ तालमेल होना चाहिए, ताकि आगे के आशाजनक विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए कमियों को दूर किया जा सके।

इस विश्व जनसंख्या दिवस पर, आइए हम सभी भारत भर के वंचित और कमजोर समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य बनाने का संकल्प लें। आइए हम एक ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करें, जहां हमारा जनसांख्यिकीय लाभांश पूरी तरह से साकार हो, जहां प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की सुविधा हो और जहां हमारे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण हमारे राष्ट्र की प्रगति व समृद्धि का आधार हो। हम सब मिलकर इस विजन को हकीकत बना सकते हैं।

**(लेखक : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ प्लांट का किया दौरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल ने टाटा मोटर्स लखनऊ प्लांट में चार दिवसीय दौरा किया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर के सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी ने लखनऊ प्लांट हेड दीपक कुमार और यूनियन के महामंत्री श्याम सुंदर सिंह से मुलाकात कर गरम जोशी से स्वागत किया। मौके पर उन्होंने लखनऊ प्लांट के बेहतर कार्यों को जमशेदपुर प्लांट में अनुपालन कराने के लिए कई जानकारी हासिल की। इस अवसर पर मजदूरों की समस्या और निदान की नई तकनीक का सदुपयोग, बेहतर तालमेल, इंडस्ट्री 0.4 और इलेक्ट्रिकल वेहिकल का उत्पादन और सेल्फ डायरेक्टेड टीम की इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन को सत्य प्रतिशत जमशेदपुर के कारखाने में लागू करवाने और उसका अनुपालन करने के साथ अन्य कई विषयों को साझा कर वैचारिक आदान-प्रदान किया। साथ ही इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र का भ्रमण कर इलेक्ट्रिक बस के संदर्भ में चर्चा की। वही एस डी टी के संबंध में एक दूसरे के प्रयासों को समझा कर वैचारिक आदान प्रदान किया। मौके पर ई आर पदाधिकारी अभिषेक नायर मौजुद रहे।

# प्राकृति आपदा से बचाव के लिए लोगों में जागरूकता जरूरी : अरविंद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** चांडिल के भादुडीह में बुधवार की शाम साप्ताहिक हाट मैदान में ठनका गिरने से 3 लोगों की मौत हो गयी थी। घटना के दूसरे दिन पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह पीड़ित परिवार के सदस्यों मिलने एमजीएम अस्पताल पहुंचे। मौके पर उन्होंने गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को ईलाज के लिए टीएमएच भेजवाया। साथ ही पीड़ित परिवार के सदस्यों को सहयोग के लिए मदद की। ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने कहा यह बहुत ही दुखद घटना है। पीड़ित सभी आदिवासी परिवार के हैं। ठनका गिरना एक प्राकृतिक आपदा है। चांडिल क्षेत्र में हाथियों का भी आतंक है। इसके लिए समय-समय पर सेमिनार कर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा जब ठनका गिरने की घटना घटी थी तब सभी लोग भादुडीह फुटबॉल मैदान में बकरी चरा रहे थे। बारिश से बचने के लिए तिरपाल के नीचे शरण लिए हुए थे। अचानक से ठनका गिरा था।घटना के बाद सभी को एंबुलेंस से एमजीएम अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद सुभद्रा माझी (35) उसका पुत्र वीरेश माझी (9) और सुकु मार्डी को मृत घोषित कर दिया। घटना में इंद्रजीत सिंह, गुरुपद और सुगी मुर्मू घायल हुए हैं। सुग्गी मुर्मू को टीएमएच में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति में जो भी हो सकेगा मदद करेंगे।

# भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष को मिली जमानत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। साकची में लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान चंद्रबली उद्यान काशीडीह के बाउंड्री वॉल पर फिर एक बार मोदी सरकार के पोस्टर पाए जाने पर पार्टी के तत्कालीन जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार पर आचार संहिता उलंघन का मामल दर्ज कराया गया था। इस मामले में कोर्ट में गवाही और बहस पूर्ण होने के पश्चात प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल के कोर्ट ने 30 मई को फाइनल जजमेंट की तिथि मुकरर की थी। लेकिन लोकसभा 2024 के चुनाव समाप्ति के पश्चात दिनेश कुमार अपने परिवार के साथ माता वैष्णो देवी यात्रा पर चले गए थे। निर्धारित 30 मई को कोर्ट में अनुपस्थित रहने पर मजिस्ट्रेट ने अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए जमानत को रद्द कर वारंट जारी कर दी।गुरुवार को दिनेश कुमार ने अधिवक्ता विजय शंकर पाठक के साथ कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल किए। अधिवक्ता पाठक ने कोर्ट के समक्ष जरूरी दस्तावेज के रूप में दो माह पूर्व मार्च माह में लिए गये ट्रेन का टिकट प्रस्तुत कर कोर्ट से आग्रह किए। कोर्ट ने सुनने के पश्चात दिनेश कुमार की जमानत अर्जी स्वीकार की। दस हजार के दो जमानतदार प्रस्तुत करने को कहा। मौके पर बैजनाथ उपाध्याय, महेश कुमार, कृष्ण सिंह,पार्टी कार्यकर्ताओं में प्रोबिर चटर्जी राणा, कपिल कुमार, नरेंद्र कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, ऋषभ सिंह उपस्थित रहे।**

# शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुसाबनी।** वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष मंडल के नेता रघुनाथ सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें मंत्री बनने पर बधाई दी। वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सभी घटक के नेताओं एवं प्रतिनिधियों ने अलग-अलग पुष्प कुछ देकर नए शिक्षा मंत्री का भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष मंडल के नेता रघुनाथ सिंह ने बताया कि मोर्चा की ओर से पूरे राज्य भर के शिक्षकों ने मिलकर शिक्षा मंत्री का स्वागत किया । अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। वित्त रहित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं में अनुदान की राशि चौगुना करने के प्रस्ताव को कैबिनेट भेजने, इंटरमीडिएट के नामांकन में सीट बढ़ाये जाने, बिहार में नियोजित शिक्षकों के सरकारी कर्मी के दर्जा देने के तर्ज पर झारखंड के 7 से 8 हजार अनुदानित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने, उड़ीसा के तर्ज पर घाटा अनुदान देने, एसपीटी एक्ट एवं सीएनटी एक्ट में भूमि के शर्त में छुट देने के संलेख को मंत्री परिषद में भेजने, वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 ,2022 -23 और 2023- 24 में जिन स्कूलों और इंटर कॉलेज के अनुदान लंबित है, उसे अविलंब अनुदान देने,वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुदान की जो 27 प्रतिशत राशि बाकी है।इसका जल्द भुगतान किए जाने सहित अन्य मांगों पर मंत्री के साथ चर्चा की गई। मोर्चा के नेताओं के मांगों पर विचार करते हुए मंत्री बैद्यनाथ राम ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि विधानसभा चुनाव काफी नजदीक आ गया है इन कम समय में वित्त रहित शिक्षकों के अधिकांश समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का वे प्रयास करेंगे ताकि वित्त रहित शिक्षकों को राहत मिल सके । जुलाई के अंतिम सप्ताह में मोर्चा की ओर से आयोजित महाअधिवेशन में भी उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मोर्चा के नेता रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, अरबिंद सिंह, फजलुल कादरी अहमद, कुंदन कुमार सिंह, गणेश महतो,मनीष कुमार, संजय कुमार, देवनाथ सिंह, अनिल तिवारी, बिरसौ उराव,नरोत्तम सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह आदि शामिल थे।

# मेराल में फ्लाइओवर निर्माण कार्य के दौरान गोलीबारी, एक युवक को कामगारों ने दबोचा



**घटना की जानकारी मिलते ही एसपी, डीएसपी पहुंच कर रहे मामले की तहकीकात में जुटे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल ।** थाना के 50 गज की दूरी पर न 75 सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य के दौरान गुरुवार की शाम करीब 7:15 बजे पिलर नंबर 1ए के पास अंधाधुंध गोलीबारी कर भाग रहे युवक को कामगारों ने पुलिस के सहयोग से धर दबोचा। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी दीपक कुमार पांडे तथा डीएसपी नीरज कुमार मेराल थाना में पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गये हैं। जानकारी के अनुसार गोलीबारी करने से पहले वह युवक काम करा रहे एमजीसीपीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी के अकलवानी स्थित ऑफिस का चक्कर लगाया था। वहां से आने के बाद वह युवक पिलर नंबर 1 ए के पास अंधाधुन चार पांच फायर कर बाइक से थाना की तरफ ही भाग रहा था की थाना पुलिस के सहयोग से कामगारों ने एक युवक को धर दबोचा। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद कर ले गयी है। घटना के बाद फ्लाईओवर निर्माण कार्य में लगे मजदूर तथा आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों में चर्चा है कि लवी को लेकर किसी गैंग द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है।

## पोल पर टंगा बिजली का तार दे रहा खतरे को घंटी

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला पंचायत के सबुआं गांव स्थित अजय पांडेय के घर के पास बिजली का एक पोल नीचे गिर कर 15 दिनों से पड़ा है। इस पर बिजली विभाग के कर्मियों को कोई ध्यान नहीं है। बरसात का मौसम है। उक्त पोल पर टंगे तार भी पोल के साथ नीचे गिर चुका है। विद्युत प्रवाह से कभी बड़ी दुर्घटना भी घट सकती है, किंतु किसी की जान का परवाह किसी को नहीं है। मिली सूचना के अनुसार अज्ञात हीरा बोरिंग की ट्रक ने उक्त पोल में धक्का मारकर गिरा दिया है। जिस वजह से रास्ता भी बंद होने के कारण आवागमन बाधित है। न ही बिजली का पोल खड़ा करवाया जा रहा है और न ही उसे रास्ते से हटाया जा रहा है। जबकि उक्त सड़क से दर्जनों गांवों के लोगों का आना-जाना होता है, जिसमें सननी, पतहरिया, हरिगावां सहित अन्य गांव भी शामिल हैं। अच्छी बारिश होने पर दर्जनों पोल गिर सकते हैं। किंतु इस पर किसी का कोई ध्यान नहीं है। बिजली विभाग की लापरवाही दिखती है।

## अज्ञात ने पशु को टांगी से मारकर किया घायल, शक के आधार पर दो गिरफ्तार

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अरसली उतरी गांव में गुरुवार की दोपहर राजेंद्र साह के पशुधन को टांगी से मारकर गंभीर रूप से घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना की सूचना मिलने पर भवनाथपुर थाना पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण के बाद दो लोगों को शक के आधार पर हिरासत में लेते हुए थाना लाकर पूछताछ कर रही है। घटना के बारे में राजेंद्र साह ने बताया कि गुरुवार को दोपहर में लोगों के द्वारा सूचना मिली की मेरा एक बैल को किसी ने कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया है, जो शमशान घाट के पास पड़ा हुआ है, और कुल्हाड़ी भी लटका हुआ है। सूचना के बाद स्थल पर पहुंचकर तथा ग्रामीणों को सूचना देने के बाद अपने बैल को घर लाया। इसकी जानकारी भवनाथपुर थाना पुलिस को देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को शक के आधार पर थाना लाया गया है। इस घटना से अरसली के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## मिथिलेश ठाकुर ने वहां पर दीप जलाया है जहां सदियों से अंधेरा था : आशीष गुप्ता



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल और जिला कमेटी के द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में विधायक मद से 31 विकास योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। इन योजनाओं का चयन स्थानीय बुथ व पंचायत कमेटी के लोगों के द्वारा किया गया था। जिसमें सार्वजनिक चबुतरा, सार्वजनिक बैठने का शेड निर्माण, पीसीसी सड़क निर्माण तथा अन्य कुल इकतीस योजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि विधायक मद की राशि से झारखंड सरकार के मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के द्वारा रंका प्रखंड क्षेत्र में विकास का दिया जलाने का प्रयास किया गया है, जहां सदियों से अंधेरा था। इस मौके पर जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, जिला परिषद प्रतिनिधि देवेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आफताब आलम, युवा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव सहित काफी संख्या में झामुमो पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वन पट्टा से संबंधित आवेदन 15 जुलाई तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है : अंचल अधिकारी



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में झारखंड सरकार के अबुवा वीर दिशोम योजना के तहत वन पट्टा दिलाने के लिए एक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड के सभी वन अधिकार समिति, प्रखंड के सभी मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वन पट्टा दावेदार उपस्थित थे। अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने बताया कि वन पट्टा से संबंधित आवेदन अंचल कार्यालय से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना को 15 जुलाई तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रखंड में चारागाह, शमशान, मसना, खेल मैदान, हॉट बाजार, तालाब, सड़क का भी पट्टा दिया जायेगा। इस दौरान वन पट्टा के लिए 70 लोगों का आवेदन भी प्राप्त किया गया। इस मौके पर अंचल निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार, आंचल सहायक अमल सिंह, मुखिया ललित नारायण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान,पंकज सिंह, मुना अंसारी उपप्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, पंचायत समिति भरदुल चंद्रवंशी सहित कयी लोग उपस्थित थे।

## बिजली की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

खरौंधी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदनी निवासी रामप्यारी मेहता 65 वर्ष की मृत्यु बिजली की चपेट में आने से हो गयी। मृतक अपने घर से कुछ दूरी पर मोटर का तार चढ़ाने गये थे, तभी अचानक बिजली के चपेट में आ गये। सुबह घर नहीं आने पर परिजन खोज बिन किया तो मृत पाया। परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे, माहौल गमगीन हो गया।

# फोरलेन में बाधक हम नहीं भू-अर्जन कार्यालय है : रैयत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सगमा।** बिलासपुर गंगती के रैयतों में उबाल कहा फोरलेन में बाधक हम नहीं भुआर्जन कार्यालय है। मुआवजा राशि नहीं मिलने पर आग बबूला रैयतों ने बिलासपुर बाजार में बैठक कर भुअर्जन कार्यालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पलामू सांसद बीडी राम, विधायक भानु प्रताप शाही और भू अर्जन कार्यालय गढ़वा तथा अपर समाहर्ता गढ़वा को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि हम बिलासपुर गंगटी के रैयतों का मकान और जमीन खजुरी से बिलासपुर तक फोर लेन निर्माण में अधिगृहित किया गया है, जिसकी सूचना 2024 में नोटिस के माध्यम से मिला था। नोटिस के आधार पर हम लोगों ने अपना अपना जमीन और मकान का कागजात तत्काल रूप से भू अर्जन कार्यालय में जमा कर दिये, मगर अभी तक हम लोगों को मुआवजे की राशि उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिस कारण फोर लेन निर्माण में बाधक बना हुआ है। जबकि हम लोगों से बाद में कागज जमा करने वालों को बारी बारी से बुलाकर मुआवजा राशि भुगतान किया जा रहा है। मुआवजा राशि लेने वालों का कहना है कि जबतक आप लोग भुआर्जन कार्यालय को मुआवजा राशि का एक प्रतिशत भुगतान नहीं किया जायेगा, तबतक मुआवजा नहीं मिलेगा। हम लोग गरीब परिवार से आते हैं। हम लोग अग्रिम के रूप में एक प्रतिशत रासी देने में असमर्थ हैं। इस तरह से देखा जाये तो विकास में बाधक भुआर्जन कार्यालय है, रैयत नहीं हैं। इसी तरह नगर उंटारी अंचल कार्यालय से जमीन मकान का एलपीसी देने के लिए छह माह से दौड़ाया जा रहा है, इसे देखते हुए उपरोक्त पदाधिकारियों से आग्रह है कि इसकी जमीनी हकीकत की जानकारी लेते हुए मुआवजा राशि का भुगतान कराया जाये, जिससे हम सभी अपना-अपना मकान जमीन खाली कर दूसरा रोजी रोजगार की तलास कर अपना जीवन यापन कर सकें। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में मुख्यरूप से अरविंद शाह बिलासपुर मुन्ना जयसवाल, उदय कुशवाहा, बखोरी शाह, आनंद शाह, बुधन, पुस्पा देवी, अजय जयसवाल, डॉ बिनोद, ऋषिकेश, अशोक, अहमद अली राजेंद्र, सुमन, अनिल, जगरनाथ राम, लालू सेठ का नाम शामिल है।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित गढ़वा रंका क्षेत्र के लोग : गिरिनाथ सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जन समस्याओं को जानने, समझने और यथासंभव समाधान को लेकर पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह का परिवर्तन यात्रा अनवरत जारी है। आज की यात्रा रंका प्रखंड के पंचायत बाहाहारा के गासेदाग, जसोबार के साथ तमगे पंचायत के जोगीखुरा, मूंगदह, तमगेखुर्द के विभिन्न गांव में पहुंची। बीते कई दिनों से जारी अनवरत यात्रा के दौरान जनता सीधे तौर पर अपनी समस्याओं को रख रही हैं और तत्पश्चात यथा संभव समस्याओं को सुलझाने का प्रयास भी गिरिनाथ सिंह कर रहे हैं। अपने इस यात्रा पर बोलते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि परिवर्तन यात्रा जन समस्याओं के समाधान हेतु कटिबद्ध है।

गढ़वा को सशक्त समृद्ध और विकसित बनाने के लिए हम संकल्पित हैं। आज गढ़वा अपने बदहाली पर रो रहा है, सड़क पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी गढ़वा के लिए सपने जैसा है। यहां के विधायक राज्य सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री हैं परंतु पेयजल के मामले में गढ़वा पूरे राज्य में सबसे फिसड्डी है। विभागीय मंत्री होने के बावजूद गढ़वा का पीछे होना एक बेहतर नेतृत्वकर्ता की कमी को दशार्ता है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सुलपानी सिंह, पारस यादव, सुनील माली, भागीरथी सिंह, जेठू सिंह, बिमला कुंवर महिला नेत्री, विश्वनाथ साव, वजिफ अंसारी, राजेंद्र लोहार पूर्व पंचायत समिति सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# झामुमो युवा नेता ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर की चादर पोशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** झामुमो युवा नेता सह भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पद के पूर्व प्रत्याशी ताहिर अंसारी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री, मिथिलेश कुमार ठाकुर, हफीजुल अंसारी और इरफान अंसारी को मंत्री बनाये जाने पर हिंदुस्तान के राजा ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चादर पोशी की। उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित झारखंड में अमन-चैन, सुख-शांति और समृद्धि की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि गरीब नवाज हिंदुस्तान के राजा हिंद वाले हैं, उनके दरबार से आज तक कोई खाली नहीं लौटा हैं। उन्होंने हिंदुस्तान के राजा गरीब नवाज की दरबार में गढ़वा जिला सहित देशवासियों की आपसी भाईचारे, अमन चैन, तरक्की और हिफाजत के लिये भी दुआ मांगी। झामुमो युवा नेता ताहीर अंसारी ने कहा की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अल्लाह के सच्चे बंदे थे अल्लाह ने उन्हें रूहानी और गअबी बख्शी थी, जिनके मानने वाले एक विशाल जनसंख्या जिसमे इस्लाम धर्म के लोग ही नहीं, हिंदू, सिख सहित सभी धर्म के लोग मानते हैं। उन्होंने कहा कि जो ख्वाजा गरीब नवाज की जियारत के लिए हमेशा ललायित रहते हैं, जिनकी दरगाह आज भी हिंदुस्तान के सरजमी को रोशन कर रही है। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव शौकत अंसारी, आलम बाबू, इस्माइल अंसारी, इस्लाम खान उर्फ मुन्ना खान, मजलूम अंसारी उपस्थित थे।

# बीडीएसयू के कुलपति ने ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एमडी से मुलाकात की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के प्रमुख हितेश केशव अवस्थी से बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यलय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह और कुलसचिव डॉ ललन कुमार ने अनौपचारिक मुलाकात कर पुष्पगुच्छ और विश्वविद्यलय विवरण-पुस्तिका भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने विवि और वनांनचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही साथ प्रशिक्षण और रोजगार के उद्देश्य से ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यलय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की भी सहमती बनायी। कुलपति और कुलसचिव ने अपने विवि परिसर में चलने वाले पाठ्यक्रम जिसमें होम्योपैथीक, नर्सिंग, दंत चिकित्सा, पैरामेडिकल, बीएड, डीईएलईडी, बीएससी (एमएलटी), फार्मेसी के साथ साथ वर्तमान सत्र से संचालित होने वाले पाठ्यक्र बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक) के अंतर्गत आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग,साइबर सिक्यूरिटी, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बीबीए, एमबीए , बीसीए और एमसीए पाठ्यक्रमों की जानकारी दिया। इस क्रम में ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के इकाई प्रमुख ने उद्योग में हो रहे उत्पादन, श्रमिकों की जानकारी, प्रशिक्षण की व्यवस्था पर जानकारी साझा की। मौके पर उन्होंने परिसर में अवस्थित शिवमंदिर का भ्रमण कराया। इस बैठक में ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मानव संसाधन (एचआर) हेड और कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के अधिकारी भी उपस्थित थे।


## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची

**नीलामी सूचना**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची कार्यालय में अनुपयोगी सामग्रियों यथा Furniture, Electronic Item, Books एवं जेनसेट आदि के क्षेत्र में काम करने वाले इच्छुक निविदाकार/फर्मों से मुहरबंद लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक संवेदक/फर्म किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11:00 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची के कार्यालय में 5 KVA जेनसेट एवं रद्दी कागज आदि का दौरा/निरीक्षण कर सकता है। निविदा दस्तावेज तकनीकी एवं वित्तीय Bid अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में समूहवार संलग्न सामग्री विवरणी का मूल्य प्रति किलोग्राम उल्लेख कर निविदा कागजात दिनांक 16.07.2024 को शाम 04:00 बजे तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची के कार्यालय में जमा किया जाएगा।

निविदा कागजात दिनांक 10.07.2024 से 13.07.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची के प्राचार्य कक्ष में 2000/– रुपये का Bank Draft जो प्राचार्य, (डायट), रातू, के नाम से निर्गत हो, जमा कर निविदा कागजात प्राप्त करेंगे।

शर्तों आदि की विवरणी नीलामी प्रपत्र में उल्लेखित है।

(दीप्ति कुमारी)
प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रातू, राँची

PR 329323 School Education and Literacy(24-25)D
ज्ञापांक :– 94
राँची, दिनांक 01/07/2024

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
**प्रपत्र VI**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चुकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–महेशरा, थाना–दारू, थाना–सं0–192, अंचल–दारू, जिला–हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा ईचाक झुमरा लम्बाई–9.30 कि0मी0 पथ का चौडीकरण/मजबूतीकरण हेतु भू अर्जन अपेक्षित है।

परियोजना लोक हित में होने के कारण अतिमहत्वपूर्ण है अर्जनाधीन भूमि निम्नतम् है आवागमण की सुगम्यता तथा अनुयोजकता बढेंगी, बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा, बाजार में विपणन की संभावना, आधार भूत संरचना एवं कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सुदृढ होगा। भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 शुन्य है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–महेशरा, थाना–दारू, थाना–सं0–192, अंचल–दारू, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश **0.723** एकड़ यानि **0.2927** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत है:–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 37 | 1243 | निज | टांड–III | 0.019 | बुलाकी प्रजापति पिता डोमन प्रजापति जाति कुम्हार नि0 झुमरा | सीमाना जोनिया | निज | रास्ता | |
| 2 | | 1358 | निज | टांड–III | 0.088 | प्लॉट न0–1358 के रैयत | प्लॉट न0–1357 | प्लॉट न0–1403 | रास्ता | निज |
| 3 | | 1359 | निज | टांड–III | 0.019 | प्लॉट न0–1359 के रैयत | प्लॉट न0–1360 | प्लॉट न0–1358 | रास्ता | निज |
| 4 | 27 | 1360 | निज | टांड–III | 0.015 | मोटा आर भिण्डा | प्लॉट न0–1361 | प्लॉट न0–1359 | रास्ता | निज |
| 5 | 34 | 1361/1 | निज | टांड–III | 0.054 | जिरवा देवी बुलाकी प्रजापति जाति कुम्हार नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1361/2 | प्लॉट न0–1360 | रास्ता | निज |
| 6 | 34 | 1361/2 | निज | टांड–III | 0.042 | यशोदा देवी पति रामलाल प्रजापति जाति कुम्हार नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1361/3 | प्लॉट न0–1361/1 | रास्ता | निज |
| 7 | 34 | 1361/3 | निज | टांड–III | 0.028 | फगुनी देवी बैजनाथ प्रजापति जाति कुम्हार नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1361/4 | प्लॉट न0–1361/2 | रास्ता | निज |
| 8 | 34 | 1361/4 | निज | टांड–III | 0.004 | मित्रराज मिस्त्री पिता पुनित मिस्त्री वो संतोष मिस्त्री पिता अयोध्या राजा जाति कुम्हार सा0 देह | सीमाना जोनिया | प्लॉट न0–1361/3 | रास्ता | निज |
| 9 | | 1363 | | टांड–III | 0.068 | प्लॉट न0–1363 के रैयत | प्लॉट न0–1364 | प्लॉट न0–1380 | निज | रास्ता |
| 10 | | 1364 | निज | टांड–III | 0.069 | प्लॉट न0–1364 के रैयत | सीमाना जोनिया | प्लॉट न0–1364 | निज | रास्ता |
| 11 | 53 | 1380 | निज | टांड–III | 0.004 | टेकनी देवी पति प्रभु साव, जाति तेली सा0 देह | प्लॉट न0–1367 | प्लॉट न0–1381 | निज | रास्ता |
| 12 | 54 | 1381 | निज | टांड–III | 0.007 | प्लॉट न0–1381 के रैयत | प्लॉट न0–1380 | प्लॉट न0–1382 | निज | रास्ता |
| 13 | 47 | 1382 | निज | टांड–III | 0.008 | महाबीर प्रजापति पिता थनु प्रजापति वो हेमराज प्रजापति पिता बालो प्रजापति जाति कुम्हार, सा0 देह | प्लॉट न0–1381 | प्लॉट न0–1383 | निज | रास्ता |
| 14 | 49 | 1383 | निज | टांड–III | 0.008 | दर्शनवा चमार वो विष्णु राम पिता बेनी चमार जाति चमार नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1382 | प्लॉट न0–1384 | निज | रास्ता |
| 15 | 48 | 1384 | निज | टांड–III | 0.008 | दर्षनवा चमार वो विष्णु राम पिता बेनी चमार नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1383 | प्लॉट न0–1385 | निज | रास्ता |
| 16 | 63 | 1385 | निज | टांड–III | 0.015 | कौशल्या देवी वो कौलेश्वर महतो पिता ठाकुर महतो जाति कोयरी नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1384 | प्लॉट न0–1386 | निज | रास्ता |
| 17 | 9 | 1386 | निज | टांड–III | 0.008 | चमन हजाम वो श्यामलाल ठाकुर पिता मगन ठाकुर जाति हजाम नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1385 | प्लॉट न0–1387 | निज | रास्ता |
| 18 | 45 | 1387 | निज | टांड–III | 0.015 | खेदन तेली वो प्रभु साव वो किषुन साव जाति तेली | प्लॉट न0–1386 | प्लॉट न0–1388 | निज | रास्ता |
| 19 | 5 | 1388 | निज | टांड–III | 0.015 | कैला भुईयाँ वो उगन भुईयाँ जाति भुईयाँ | प्लॉट न0–1387 | प्लॉट न0–1389 | निज | रास्ता |
| 20 | 8 | 1389 | निज | टांड–III | 0.015 | चमरा कुम्हार वो समर प्रजापति पिता तेजो प्रजापति जाति कुम्हार | प्लॉट न0–1388 | प्लॉट न0–1390 | निज | रास्ता |
| 21 | 6 | 1390 | निज | टांड–III | 0.005 | मुखला भुईयाँ वो नान्दो राम पिता बोधी राम जाति भुईयाँ | प्लॉट न0–1389 | प्लॉट न0–1391 | निज | रास्ता |
| 22 | 11 | 1391 | निज | टांड–III | 0.005 | रामलाल साव पिता सुकर साव जाति तेली नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1390 | प्लॉट न0–1392 | निज | रास्ता |
| 23 | 11 | 1392 | निज | टांड–III | 0.008 | प्लॉट न0–1392 के रैयत | प्लॉट न0–1391 | प्लॉट न0–1393 | निज | रास्ता |
| 24 | 13 | 1393 | निज | टांड–III | 0.005 | विशुवा हजाम वो गणेश हजाम पिता किसु ठाकुर जाति हजाम नि0 झुमरा | प्लॉट न0–1392 | प्लॉट न0–1394 | निज | रास्ता |
| 25 | 64 | 1394 | निज | टांड–III | 0.008 | ननकुवा कुम्हार वो प्रण प्रजापति पिता.................. जाति कुम्हार | प्लॉट न0–1393 | प्लॉट न0–1395 | निज | रास्ता |
| 26 | 29 | 1395 | निज | टांड–III | 0.002 | प्लॉट न0–1395 के रैयत | प्लॉट न0–1394 | प्लॉट न0–1396 | निज | रास्ता |
| 27 | 58 | 1396 | निज | टांड–III | 0.005 | प्लॉट न0–1396 के रैयत | प्लॉट न0–1395 | प्लॉट न0–1397 | निज | रास्ता |
| 28 | 32 | 1397 | निज | टांड–III | 0.004 | जीवलाल मिस्त्री पिता भवानी बढई जाति बढई सा0 देह | प्लॉट न0–1396 | प्लॉट न0–1399 | निज | रास्ता |
| 29 | | 1399 | निज | टांड–III | 0.020 | प्लॉट न0–1399 के रैयत | प्लॉट न0–1397 | प्लॉट न0–1401 | निज | रास्ता |
| 30 | 7 | 1401 | निज | टांड–III | 0.025 | रविनाथ मिश्रा वो नवल कुमार मिश्रा जाति गोसाई नि0 महेशरा | प्लॉट न0–1399 | सीमाना झुमरा | निज | रास्ता |
| 31 | 37 | 1403 | निज | टांड–III | 0.007 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1358 | प्लॉट न0–1404 | रास्ता | निज |
| 32 | 36 | 1404 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1403 | प्लॉट न0–1405 | रास्ता | निज |
| 33 | 38 | 1405 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1404 | प्लॉट न0–1406 | रास्ता | निज |
| 34 | 29 | 1406 | निज | टांड–III | 0.005 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1405 | प्लॉट न0–1407 | रास्ता | निज |
| 35 | 32 | 1407 | निज | टांड–III | 0.012 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1406 | प्लॉट न0–1408 | रास्ता | निज |
| 36 | 63 | 1408 | निज | टांड–III | 0.006 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1407 | प्लॉट न0–1409 | रास्ता | निज |
| 37 | 46 | 1409 | निज | टांड–III | 0.007 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1408 | प्लॉट न0–1410 | रास्ता | निज |
| 38 | 45 | 1410 | निज | टांड–III | 0.003 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1409 | प्लॉट न0–1411 | रास्ता | निज |
| 39 | 10 | 1412 | निज | टांड–III | 0.006 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1410 | प्लॉट न0–1413 | रास्ता | निज |
| 40 | 14 | 1413 | निज | टांड–III | 0.020 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1412 | प्लॉट न0–1414 | रास्ता | निज |
| 41 | | 1414 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1413 | प्लॉट न0–1415 | रास्ता | निज |
| 42 | 11 | 1415 | निज | टांड–III | 0.006 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1414 | प्लॉट न0–1416 | रास्ता | निज |
| 43 | 45 | 1416 | निज | टांड–III | 0.006 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1415 | प्लॉट न0–1417 | रास्ता | निज |
| 44 | 9 | 1417 | निज | टांड–III | 0.003 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1416 | प्लॉट न0–1418 | रास्ता | निज |
| 45 | 54 | 1418 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1417 | प्लॉट न0–1419 | रास्ता | निज |
| 46 | | 1419 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1418 | प्लॉट न0–1420 | रास्ता | निज |
| 47 | 47 | 1420 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1419 | प्लॉट न0–1421 | रास्ता | निज |
| 48 | 75 | 1421 | निज | टांड–III | 0.008 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1420 | प्लॉट न0–1422 | रास्ता | निज |
| 49 | 76 | 1422 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1421 | प्लॉट न0–1423 | रास्ता | निज |
| 50 | | 1423 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1422 | प्लॉट न0–1424 | रास्ता | निज |
| 51 | | 1424 | निज | टांड–III | 0.003 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1423 | प्लॉट न0–1425 | रास्ता | निज |
| 52 | | 1425 | निज | टांड–III | 0.002 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1424 | प्लॉट न0–1426 | रास्ता | निज |
| 53 | | 1426 | निज | टांड–III | 0.005 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1425 | प्लॉट न0–1427 | रास्ता | निज |
| 54 | | 1427 | निज | टांड–III | 0.006 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1426 | प्लॉट न0–1429 | रास्ता | निज |
| 55 | | 1428 | निज | टांड–III | 0.006 | महेशरा उच्च विद्यालय | प्लॉट न0–1427 | सीमाना झुमरा | रास्ता | निज |
| | | कुल | | | 0.723 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 329155 (Land Reforms) 24-25 (D)

## लंबित विषय को लेकर कार्यकारिणी समिति ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआटांड।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के कई महत्वपूर्ण लंबित विषय बिंदुओं के संदर्भ में गुरुवार 11 जुलाई 2024 को कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव ने राज्य के नये शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम से मुलाकात कर उन्हे ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर शासी निकाय के माननीय सदस्य आशीष आलोक भी उपस्थित थें। सभापति द्वारा समर्पित ज्ञापन पर माननीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि विद्यालय हित में वे जल्द ही इसके निराकरण का प्रयास करेंगे।

## लातेहार के सरकारी अस्पतालों में कई वर्षों से स्थानांतरण लंबित

90 प्रतिशत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी 18 से 19 वर्ष तक एक ही सीएचसी में जमे हुए हैं

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में पदस्थापित जितने भी कर्मचारी हैं जिसमें क्लर्क, बीपीएम, बैम, एमपीडब्ल्यू और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी लगभग 90 प्रतिशत वैसे लोग हैं। जिनका जोवाइंग से लेकर आज तक उसी जगह पर पदस्थापित है। जिनका 18 वर्ष से 19 वर्ष तक एक ही सीएचसी में जमे हुए। कुछ लोग तो जिले में ऐसे हैं जो सदर अस्पताल में पदस्थापित हैं। कार्य करने के दौरान निगरानी विभाग के द्वारा




पकड़े जाने पर उनको जेल भी भेजा गया और एक वर्ष के बाद फिर उसी कार्यालय में पद स्थापित है। साथ ही साथ ऐसे लोगों को रहने से पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति चरमरा गई है क्योंकि एक ही जगह पदस्थापित रहने के बाद जनता का कार्य कम और राजनीति ज्यादा होती है। ऐसे लोग करते हैं और बीपीएम, बैम का आलम यह है कि सेटिंग के तहत अस्पताल के अंदर विकास का कार्य कराया जाता है और कमीशन नहीं देने वाले लोगों को ये लोग दरकिनार करते हैं। जिससे मोटी रकम दी जाती है। उससे कार्य करते है। अस्पताल के अंदर टेंडर एक कोरम पूरा किया जाता है। जिसको कहा जाए तो सरकारी दस्तावेज को आंख में धूल झोंकने जैसी बात कही जाती है। कई बार देखा गया है कि जनता सामाजिक कार्यकर्ता हस्तक्षेप करते हैं तो उन्हें इधर-उधर की बात बताकर गुमराह कर देते हैं और अपना उल्लू सीधा हमेशा करते रहते हैं।

**क्या कहते है लातेहार सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह :** इस संबंध में लातेहार सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह से पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार से जब भी चिट्ठी आती है। हम लोग स्थानांतरित करने के लिए लिस्ट डीआईसी रांची को भेज दिये है।

## टर्बो और ऑटो की टक्कर में दर्जनों लोग घायल

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को पेशरार थाना क्षेत्र से शादी समारोह में पतरातु जा रही ऑटो को तेज रफ्तार से पीछे से आ रही 704 टर्बो लोहरदगा कि ओर जाने के क्रम में बगडू बुध बाजार के समीप धक्का मार दिया जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो रोड से सीधे खेत में जा गिरा। जिससे ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही इसमें सवार दर्जनभर लोग घायल हो गये। घायलों ने बताया कि ऑटो 3 से 4 बार पलटने की वजह से ऑटो सवार खेत पर जा गिरे जिस कारण दर्जनों लोग घायल हुए हैं। सभी घायल को दूसरे ऑटो से सदर अस्पताल लाया गया। घायल की पहचान पेशरार निवासी वासुदेव उरांव का पुत्र 40 वर्ष चारवा उराव, गंदरू उराव की पत्नी 39 वर्षीय तुलसी उरांव, यह दोनों गंभीर रूप से घायल को सदर अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। बाकी घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घायलों में सुधवा उरांव का पुत्र 52 वर्षीय चरण उराव, सीता कुमारी 22 वर्ष झिरगा उरांव 50 वर्ष, सुनीता उराव35 वर्ष, सदर उरांव 8 वर्ष, संध्या उरांव 6 वर्ष, महिलाएं और बच्चे सहित दर्जन लोग शामिल है।

## एसएस हाइ स्कूल किस्को में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बृहस्पतिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार के दिशा निर्देश के अनुसार एसएस हाई स्कूल किस्को में विधिक जागरूकता कार्यक्रम सह नशा मुक्ति के दुष्प्रभाव से बचने के उपाय बताये गये। वही 01 जुलाई से लागू हुए नये कानून के बारे में जानकारी दिया गया। समाज में फैल रही अंधविश्वास जैसे डायन बिसाही,के बारे में जानकारी दिया गया। गुड टच बैड टच, बाल विवाह साइबर क्राइम के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी अधिवक्ता सुदामा साहू और पीएलभी जितेंद्र राम द्वारा सभी विद्यार्थी को दिया गया।

## किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए सही नहीं है जनसंख्या वृद्धि : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गुरुवार को 'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान' कार्यक्रम सदर अस्पताल प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप-विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के उद्देश्य को समझना जरूरी है। आज भारत की जनसंख्या में युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है लेकिन यही जनसंख्या जब वृद्ध होगी तो इनकी संख्या ज्यादा होगी। यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए सही नहीं है। हमें देश की जनसंख्या को युवा रखना है तो जनसंख्या को नियंत्रित रखना होगा। बच्चों की संख्या दो ही रखें और उन्हें अच्छी तरह शिक्षित करें। एक मां जब बार-बार बच्चों को जन्म देती है तो उसे बहुत शारीरिक व मानसिक कष्ट झेलना पड़ता है। आज परिवार नियोजन के कई स्थायी और अस्थायी तरीके हैं। परिवार नियोजन की जितनी जिम्मवारी महिला की है उससे कहीं ज्यादा पुरूष की है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर लोहरदगा जिला में परिवार कल्याण पखवाड़ा चलेगा। गांव-गांव जाकर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा परिवार नियोजन के बारे जानकारी दी जायेगी। राज्यस्तरीय टीम की ओर से आयीं ऊषा राय ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी जिलों में सांख्यिकी आंकड़ों के संग्रह का कार्य चलेगा। जनसंख्या वृद्धि का नुकसान यह है कि बेरोजगारी, अशिक्षा, अस्वस्थता की समस्या बढ़ती है। कार्यक्रम बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकों, परिवार नियोजन अपनाने वाले दंपत्तियों को भी सम्मानित किया गया।

## दीपक प्रकाश को राज्यसभा का सचेतक बनाये जाने पर दी बधाई

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।**



भाजपा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को राज्यसभा का सचेतक बनाए जाने पर लोहरदगा भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ने बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनायें पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व सांसद, सुदर्शन भगत, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, और पूर्व विधायक रमेश उरांव, सधनु भगत, जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राजकिशोर महतो राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, उमेश कार्यकाल, बालकृष्णा सिंह,राजकुमार वर्मा, नवीन कुमार टिंकू, हर्षनाथ महतो, पशुपति नाथ पारस, सामेला भगत, भारती सिन्हा, कलावती देवी, सहित अन्य ने दी है।

## मुहर्रम में डीजे साउंड पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** जिले के उपायुक्त और पुलिस कप्तान के निर्देश पर गुरुवार कों थाना परिसर में शांति समिति की बैठक मुहर्रम कों लेकर आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने की। जिसमे एसडीपीओ वेंकेटश कुमार अंचलाधिकारी मनोज कुमार समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुहर्रम में शांति ववस्था बनाये रखने कों लेकर चर्चा करते हुए बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा की मुहर्रम में सभी तरह के डीजे साउंड पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। एसडीपीओ वेंकेटश ने कहा कि मुहर्रम के पुरे कार्यक्रम पर पुलिस प्रशासन की पूरी पैनी नजर रहेगी। इस दौरान सभी शरारती तत्वों पर नजर रखने कों लेकर विशेष टीम भी गठित किया गया। साथ ही हर कार्यक्रम पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। इस दौरान सभी इलाको के जर्जर तार कों दुरुस्त कराने की मांग की गयी। मौके पर थाना प्रभारी राधे श्याम सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार, हेसामूल अंसारी उर्फ गुड्डू, मो. शहीद, आफताब आलम, दिलावर अंसारी, अस्फाख मुन्ना, मुन्ना सिंह, जयप्रकाश रजक समेत काफी सख्या में लोग मौजूद थे।

## मदरसा के बच्चों के सांस्कारिक शिक्षा दें : इम्तियाज



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मदरसा हश्मतूर रजा सेन्हा में मोहर्रम के मौके पर नात पाक और निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात कलाम ए पाक की तेलावत से मौलाना जिब्राइल अहमद ने किया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर इम्तियाज अंसारी ने कहा की बच्चों का बौधिक विकास की जांच के लिए निबंध प्रतियोगिता और नात प्रतियोगिता का आयोजना तीन –तीन माह में करते रहें। जिससे बच्चो की शिक्षा की गुणवक्ता की जानकारी मिलती है। जिसे बच्चो में पढ़ाई और शिक्षा के प्रति हौसला बढ़ेगा। मदरसा के शिक्षक बच्चो को दिन और सांस्कारिक शिक्षा दें। प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चो का हौसला बढ़ाने के लिये अतिथियों द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर हाफिज मोबिन, हाफिज गुलाम मुस्तफा, मौलाना जिब्राइल अहमद, पूर्व सदर मो इम्तियाज अंसारी, मुस्ताक अंसारी, बाबर अंसारी, रुस्तम अंसारी, अफरोज खान, गुलजार अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## किसानों के बीच उन्नत बीज का वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित बगडू हिल बॉक्साइट माइन्स में 80 किसानों के मध्य 750 किलो धान एवं मक्का बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में दलदलिया, चांपी, बगडू, केंद टोली, भुसाड़, बेट हट इत्यादि ग्रामों के किसानों के मध्य वितरित किये गये। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार के दिशा निर्देश पर पर किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में खान प्रबंधक राज सिन्हा, प्रद्युम्न कुमार, निताई दंडपात, सुनील चौधरी, प्रयत्न बड़ापंडा, माधुरी कुमारी, मुन्ना भगत, अबीर चक्रवर्ती, प्रकाश भगत, बंधन भगत आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा आकाशी मुख्य पथ में भंडरा थाना के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी घायल हो गये। घायल परवेज अंसारी को भंडरा प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख ईश्वरी मोहन शर्मा व स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा के निजी अस्पताल पहुंचाया। जिनका स्थानीय निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना में परवेज अंसारी को पैर व हाथ में चोट आई है। जानकारी के अनुसार परवेज निजी काम से बाइक में निकले थे। इसी दौरान थाना के समीप अज्ञात बाइक चालक ने ठोकर फरार हो गया।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


## विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** विश्व जनसख्या दिवस के मौके पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह में परिवार स्वास्थ्य मेला की शुरूआत की गयी। जिसका उद्घाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जयवंत लकड़ा व उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल के द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्स पदाधिकारी ने परिवार स्वास्थ्य मेला कों लेकर एक माह तक चलने वाले परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत महिला बंध्याकरण व पुरुष नसबंदी की जानकारी दी गयी। साथ ही इस पूरे



कार्यक्रम कों सफल बनाने और लोंगो कों जागरूक करने की अपील की गयी। वही मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने देश की बढ़ती जनसंख्या को रोकने में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सबसे सार्थक कार्यक्रम बताया साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग कों एनजीओ के माध्यम से कराये गये परिवार नियोजन कार्यक्रम को न चलने की राय दी। वही बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा की देश में बढ़ती जनसख्या का बोझ सबसे बड़ा खतरा है और इसे रोकने के लिए सभी कों जागरूक होने और परिवार नियोजन कार्यक्रम कों मिलकर सफल बनाने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान एक दर्जन से अधिक लाभुकों के बीच पहल किट का वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम ओम प्रकाश, मैनेजर संजय कुमार, विनोद कुमार, बमभोली प्रसाद, समेत प्रखंड की सभी स्वास्थ्य सहिया मौजूद थे।

## जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सेन्हा में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी संजीत आनंद, डा रंजीता लकडा, डा प्रति कच्छप, जीएनएम सावित्री मिंज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। वही डॉ. संजीत आनंद ने कहा कि परिवार नियोजन अपनाये और छोटा परिवार सुखी परिवार का लाभ ले। वही परिवार नियोजन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया गया। महिला व पुरुष बंध्याकरण के लिये आगामी 20 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में पंजीयन किया जायेगा। जिसका पंजीयन हो गया है उस व्यक्ति का बंध्याकरण 22 जुलाई को शिविर के माध्यम से किया जायेगा और साथ ही दवा निशुल्क दिया जायेगा। परिवार नियोजन कराने वाले लभार्थी को सहयोग के रूप में स्वास्थ्य का देख रेख के लिए सहयोग राशि भी दिया जाता है। मौके पर डॉ. रंजीता लकड़ा, डॉ. प्रीति तथा वसीम अहमद, विकास खलखो, महेश कुजूर सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भंडरा में हाथियों का आतंक जारी, वन विभाग मौन

ग्रामीणों ने कहा, किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है वन विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** थाना क्षेत्र में तीसरे दिन भी हाथियों का आतंक जारी रहा। बीती रात भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी जुगिया टोली, गडरपो लालपुर, पोड़हा गांव में दर्जनों किसानों का घरों व धान चावल को चट गया वही किसानो के फसल हाथियों ने रौंदा डाला, कई ग्रामीणों के दिवार व गेट तोड़ने की सूचना है। हाथियों की संख्या 15 से 17 बतायी जा रही है जिसमे एक हाथी झुंड से बिछड़ कर क्षेत्र में कोहराम मचा रहे हैं। हाथी दिन भर झाड़ी व पतरा में डेरा जमाये रहते हैं। जैसे ही रात होती है तो हाथी गांव की ओर कूच कर जाते



हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। बीती शाम अमदरी से निकलकर हाथियों का झुंड पलमी जुगिया टोली पंहुचा जहां सुको महली एवं बुधेश्वर महली के घर को तोड़ा दिया। परिजन किसी तरह जान बचाकर वहां निकले। साथ गांव मे दर्जनों केला के पेड़ को उखाड़ दिया। कटहर को भी बर्बाद किया जिसके बाद हाथियों का झुंड गडरपो गांव पंहुचा जहां सोमरा उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर घर मे रखे चावल को चट कर दिया। गडरपो होते हुए हाथी पोड़हा तरीगन टोली पंहुचा जहां से हाथियों का झुंड सिसई क्षेत्र के बारंदा की ओर निकल गये पर एक बड़ा हाथी झुण्ड से बिछड़ कर पोड़हा तरीगन टोली पहुंच गया। जहां हाथी ने जम कर उत्पात मचाया। वन विभाग की टीम हाथियों को खदेड़ने की दिशा मे कार्य नहीं कर रही है।

**वन विभाग की टीम नहीं पहुंचे, ग्रामीणों मे रोष :** भंडरा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हाथियों का कहर जारी है इसके बावजूद भी वन विभाग द्वारा हाथियों को खदेड़ने की दिशा में सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की सुबह जब हाथी गडरपो व पोड़ हा में उत्पाद मचा रहे थे। तब सुचना देने के बावजूद भी वन विभाग की टीम गांव नहीं पहुंची। ग्रामीण ने बताया कि वन विभाग की टीम बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है जिसके बाद नींद से जागेगी।

**ग्रामीणों को मिलेगा मुआवजा :** ग्रामीणों का फसल एवं परिसंपत्ति नुकसान के संबंध में पूछे जाने पर सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि सभी किसानों को मुआवजा का भुगतान किया जायेगा। पूर्व में भी जिन किसानों के फसल व परिसंपत्ति का नुकसान हुआ था। सभी को मुआवजा मिलेगा। सीओ ने सभी पीड़ित ग्रामीणों को सभी पीड़ित ग्रामीण फोटो के साथ अंचल कार्यालय मे आवेदन जमा करने की अपील की है।

## फांसी के फंदे से झूलता मिला एक व्यक्ति का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बारियातू फुलसु ग्रामीण पक्की सड़क के किनारे गाड़ी ग्राम स्थित धुप टांड बड़का आम के समिप महुआ पेड़ से पुलिस ने फांसी के फंदे से झुलता एक अधेड़ का शव बरामद किया। जिसका पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी राजा दिलावर ने आस-पास के ग्रामीणों से शव का पहचान करने में जुटे हैं। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर चरवाहों द्वारा महुआ पेड़ के डाली से एक अधेड़ व्यक्ति का फंदे से झुलता शव देखकर बारियातू के पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव को सुचना दिया। सूचना पाकर पूर्व मुखिया उरांव ने थाना प्रभारी राजा दिलावर को इसकी जानकारी दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दिलावर दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से शव को फंदे से उतारा। मृतक का उम्र लगभग 70 वर्ष बतायी जा रही है। फंदे से झुलता अधेड़ व्यक्ति ब्लू रंग का टीशर्ट व हल्का ब्लू रंग का लुंगी पहना हुआ है। इधर शव की सूचना पाकर फुलसु, डाढा, बारियातू के मुखिया व काफी संख्या मे ग्रामीणों की भीड़ शव की शिनाख्त के लिए उमड़ पड़ी।

## परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सीएचसी कुडु में गुरुवार को परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो और डॉ अंजुलन आइन्द ने फीता काटकर किया। मौके पर सिएचसी प्रभारी श्रीमती होरो ने बताया कि 'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पती की पहचान' थीम पर आधारित जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 जुलाई से 24 जुलाई तक चलेगा। उन्होने कहा कि बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं के कारक बनते हैं। देश, समाज एवं परिवार हित में परिवार नियोजन अपना कर और जनसंख्या को संतुलित कर हम समृद्ध परिवार एवं समाज का भी निर्माण कर सकते हैं। 15 दिनों तक चलने वाले इस कल्याण पखवाड़ा मेंनसबंदी छः, बंध्याकरण 119, आईयूसीडी 356, पीपीआईयूसीडी 475, पीएआइयूसीडी 10, अंतरा 475 के अलावा कंडोम, माला एन, माला डी, इसी पिल्स, छाया का भी लक्ष्य निर्धारित है। मौके पर सरोजनी केरकेट्टा, निरोज नाथ शाहदेव, संध्या कुजूर, गुडविन तिग्गा, आफताब अंसारी, मुमताज खान, दिवाकर मुंडा, रौशन जोशफ टोप्पो, विशाल महतो, सुदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बच्ची सहित दंपति घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित हवाई अड्डा के समीप आरकेडी कंस्ट्रक्शन में कार्यरत पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दिया। घटना में बाइक चालक रांची के बीजू पाड़ा निवासी 30 वर्षीय प्रवीण कुमार साहू, पत्नी सुमंती देवी और 4 वर्ष की बेटी सृष्टि कुमारी सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घटना के बाद लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गयी। इसके बाद पिकअप चालक जयप्रकाश मिश्रा तीनों घायलों को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। जयप्रकाश ने बताया वह गुमला में सर्वे का काम कर रेडवा कैंप लौट रहा था, तभी हवाई अड्डा के समीप सामने से बाइक सवार आया मैंने काफी हॉर्न बजाया लेकिन सामने से एक स्कूटी चालक के तेज गति करने के कारण दोनों अनियंत्रित हो गए और टक्कर हो गयी। घटना में बाइक चालक प्रवीण को काफी चोट लगी। उसका एक पैर काफी क्षतिग्रस्त हो गया। वही बच्ची को भी पैर में चोट लगी जबकि पत्नी को हाथ में चोट लगी है। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# तीनों विस में होगा अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** भाजपा की गुमला जिला स्तरीय कमेटी अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम का अयोजन करेगी। यह कार्यक्रम प्रदेश संगठन के निर्देश पर होगा। कार्यक्रम गुमला जिला के तीनों विधानसभा में अयोजित किया जायेगा। विशुनपुर विधानसभा में यह कार्यक्रम आगामी 13 जुलाई यानी शनिवार के दिन नवडीहा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में दिन के 11:00 बजे से शुरू होगा। हटिया विधायक नवीन जयसवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भिखारी भगत इस कार्यक्रम के संयोजक होंगे।

जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद सह संयोजक बनाये गए हैं। उसी प्रकार गुमला विधानसभा में



आगामी 14 जुलाई-24 रविवार को गुमला इनडोर स्टेडियम के सभागार में दिन के 11:00 बजे से यह प्रोग्राम होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, संयोजक पूर्व विधायक गुमला कमलेश उरांव सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह बनाये गये हैं। सिसई विधानसभा में आगामी 16 जुलाई-24 दिन मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल कुदरा में समय दिन के 11:00 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक 'कांके' समरी लाल संयोजक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव और सहसंयोजक युवा मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अमन यादव बनाये गये हैं। तीनों विधानसभा में होने वाली विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम में उस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी मण्डल के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य, मण्डल मोर्चे के सभी अध्यक्ष महामंत्री एवं पदाधिकारी सहित कार्यसमिति के सभी सदस्य, मण्डल के सभी बूथों के अध्यक्ष एवं बूथ समिति के सभी सदस्य, सभी बूथों के पन्ना प्रमुख तथा उस विधानसभा में निवास करने वाले जिलास्तर एवं जिलामोर्चे के सभी पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्य, पूर्व सांसद व पूर्व राज्यसभा सांसद एवं सभी पूर्व विधायक, 2019 के विधानसभा प्रत्याशी, जिला परिषद की अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षा के अलावे परिषद एवं ग्राम पंचायतों के भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधि की उपस्थिति नितांत ही अनिवार्य है। बताया जा रहा है कि उक्त तीनों विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का संचालन प्रदेश संगठन द्वारा तय किये गये प्रदेश स्तर के प्रवासी पदाधिकारी की देख रेख में संपन्न होगी।

## बाइक सवार ने टेंपो को मारी टक्कर, युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत जबरा पुल उमडा बैरी टोली के समीप बाइक सवार करौंदा बेड़ा निवासी 25 वर्षीय राहुल खड़िया पिता परमेश्वर खड़िया ने खड़े टेंपो को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। तत्काल स्थानीय लोगों व उसके मित्रों के द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक युवक बघिमा आया था। इसके बाद वह वापस अपने घर लौट रहा था तभी जबरा पुल उमडा बैरी टोली के समीप सड़क किनारे एक टेम्पो खड़ा था जिस पर ट्रांसफार्मर लोड था। वहीं युवक तेज रफ्तार से खड़े टेम्पो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो का डाला अंदर घुस गया। फिलहाल मृतक के शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। परिजनों ने बताया युवक के पिता सेना में पदस्थापित हैं वही उसकी मां किसी काम से रांची गयी है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता संतान था।

## सड़क पर बेहोशी की हालत में मिली महिला



गुमला (आजाद सिपाही)। बुधवार की रात गुमला पुलिस को रात्रि गस्ती के दौरान सोसों मोड़ के समीप बेहोशी हालत में पड़ी एक महिला मिली। इसके बाद पुलिस ने अपने वाहन से महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया। महिला से पूछताछ करने पर अपना नाम तीजन देवी गांव समसेरा बतायी। हालांकि इस बीच वह अपना कई नाम और स्थान भी अलग-अलग बतायी। उसकी बातों से स्पष्ट कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था लेकिन उसने बताया कि उसका पति उसे छोड़ दिया है और घर से निकाल दिया है। इसके बाद वह भटक रही है। रात्रि गस्ती में निकले गुमला थाना के पीसीआर चालक सुचित कुमार ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं फिलहाल महिला को सदर अस्पताल में रखा गया है और उसका इलाज चल रहा है। गुरुवार की सुबह तक महिला के परिजन उसे लेने नहीं पहुंचे थे।

## बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय अभिनंदन समारोह का आयोजन 13 जुलाई को : भिखारी भगत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा चांदनी चौक स्थित भाजपा कार्यालय के समीप गुरुवार को भाजपा पदाधिकारीयो की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय अभिनंदन समारोह को लेकर चर्चा की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर उक्त बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश एसटी मोर्चा प्रशिक्षण प्रभारी भिखारी भगत ने पदाधिकारीयो को निर्देश देते हुए कहा कि बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय अभिनंदन समारोह का आयोजन आगामी 13 जुलाई को किया जाना है। उक्त कार्यक्रम घाघरा में आयोजित होगी। जिसे लेकर आप सभी पदाधिकारी बूथ स्तर के पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर उक्त कार्यक्रम की जानकारी दें। ताकि कार्यक्रम को बेहतर बनाया जा सके। मौके पर उपस्थित लोगों में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, पप्पू गुप्ता, विपिन बिहारी सिंह, तिंबू उरांव, किशोर कुमार जायसवाल, प्रदीप उरांव, सोला सिंह, भुनंदन बड़ाइक, शुकरो उरांव, सूरजमुनी देवी, सुनीता देवी सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

# परिवहन विभाग के नियमों को ताक में रखकर सवारी वाहनों का हो रहा परिचालन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले में प्रतिदिन काफी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही है। परिवहन विभाग के उदास पूर्ण रवैया और वाहन चालकों की मनमानी के कारण सड़क दुर्घटना में प्रतिदिन लोगों की मौत हो रही है। गुमला शहर के विभिन्न रोड में सवारी वाहन क्षमता से ज्यादा सवारियों को चढ़ाते हैं। ऑटो और सवारी वाहनों में ठूंस ठूंस कर यात्रियों को भर जाता है यहां तक की वाहन के ऊपर भी यात्रियों को चढ़ाया जाता है। महिलाएं पुरुष व लड़कियां वाहनों में लटक कर यात्रा करती है। क्षमता से ज्यादा सवारी होने के कारण चालकों को भी वाहन चलाने में परेशानी होती है जिससे अक्सर



दुर्घटनाएं देखने को मिलती है तेज रफ्तार, नशा और स्पीड ब्रेकर के कारण अक्सर वाहन पलटते हैं। शहर के थाना चौक से तुसगांव तक चलने वाली सवारी वाहन में छोटे-छोटे बच्चों को वाहन के पीछे किनारे बैठाया गया है जबकि लड़कियों को वाहन के छत के ऊपर बैठाया गया है। चंद पैसे कमाने के चक्कर में वाहन चालक नियमों को ताक में रखकर वाहन में यात्रियों को ओवरलोड बैठाते हैं। परिवहन विभाग भी आंखें बंद किए हुए है। प्रतिदिन शहर के विभिन्न रोड में ऐसी तस्वीर देखी जा सकती है। जबकि नगर परिषद द्वारा वाहनों के ठहराव और यात्रियों के उतारने चढ़ाने हेतु सभी मार्गों में स्थल का चयन किया है। लेकिन सभी सवारी वाहन अपनी मनमानी कर रहे हैं और नगर परिषद का आदेश सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गया है। इस प्रकार क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाकर और लटकाकर आवागमन से कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# करौंदी में खर्च लाखों का लेकिन ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित : मिशन बदलाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव की बैठक करौंदी में अंजना साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुए, जिला सचिव सैयदा खातुन और नगर बिनय गोप ने बताया कि करौंदी पंचायतों के ग्रामीणों का सपना था कि ग्रामीण क्षेत्रों के हर वार्ड में हर घर नल जल योजना को धरातल पर उतार कर आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये, लेकिन सच्चाई यही है कि अधिकांश योजनायें अंतिम सांसें गिन रही है और सभी को घरों में नाममात्र के नल लगाया गया यानी भले ही सरकारी फाइलों में योजनायें चल रही हो और लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा हो, पर धरातल पर ऐसी



बात नही है। अधिकांश योजनाएं ठप पड़ी है और क्षेत्रों के कई गांवों में हाहाकार मचा हुआ है। नल जल की योजनाओं का क्या हाल है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकता है कि योजना को लाखों का आवंटन यह मामला गुमला सदर प्रखंडकी करौंदी का है। अधिकांश योजनाएं दम तोड़ रही है। पूरे तेलगाओं पंचायत में उक्त योजनाओं पर करोड़ों खर्च हो चुके है। एक योजना पर कई लाख से अधिक खर्च हुए है। फिर भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। एक तरह से यह योजना सरकारी राशि की लूट का जरिया बन गया है।

## 30 लाभुकों के बीच बत्तख के बच्चे का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बत्तख पालन को लेकर प्रखंड के 30 लाभुकों के बीच बत्तख के बच्चे का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी और पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस क्रम में एक-एक लाभुकों के बीच प्रति यूनिट 15 बतख के बच्चे बांटी गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि विभाग द्वारा बतख पालन में लोगो को बढ़ावा देने हेतु बत्तख का वितरण किया गया है। ताकि बत्तख पालन कर ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके। वही पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का ने कहा कि 90 प्रतिशत अनुदान में सरकार द्वारा बतख पालन को लेकर बतख का वितरण किया गया है। मौके पर उपस्थित लोगों में जीतराम असुर, पानु देवी सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरविंद कुशल एक्का ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बढ़ते जनसंख्या के रोकथाम को लेकर कई जानकारी उपस्थित ग्रामीणों के बीच दी गयी। इसके साथ ही जनसंख्या के रोकथाम को लेकर पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण के बारे में बताया गया। वही जनसंख्या रोकथाम के लिए दी जाने वाली दवा माला डी, माला एन, कॉपर टी, निरोध सहित कई दवा की जानकारी देते हुए कई लोगो के बीच दवा का वितरण भी किया गया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि बढ़ते जनसंख्या को लेकर कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती है। निश्चित तौर पर जनसंख्या को रोकने की जरूरत है। और इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। यह कार्यक्रम आगामी 15 अगस्त तक चलेगी। जिसकी शुरूआत आज से की गयी है। विभिन्न जगहों में प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। मौके पर उपस्थित लोगों में डॉक्टर सुनील प्रसाद बीपीएम ज्ञानरंजन, साल्टी रानी गुप्ता, नुसरत हुसैन, लक्ष्मण गोप बबीता देवी, सीमा देवी सहित कई स्वास्थ्य सहिया ग्रामीण उपस्थित थे।

# सभी पंचायत में 15 दिनों के अंदर कैंप लगा कर पोस्टल पेमेंट से खाता खुलवायें : डीडीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। प्रखंड कार्यालय पदाधिकारी मनरेगा, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता मनरेगा भी बैठक में शामिल हुए। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। आधार बेस्ड पेमेंट के संबंध में एनपीसीटी फेल के मामले में 15 दिनों के अंदर सभी पंचायत में कैंप का आयोजन कर पोस्टल पेमेंट से बैंक में खाता खुलवाते हुए आधार बेस्ड पेमेंट करने का सभी बीपीओ को निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने एफटीओ रजिस्ट्रेशन के रिजेक्शन ट्रांजेक्शन के संबंध में निर्दिशित करते हुए कहा सभी एफटीओ के रिजेक्शन के मामलों को अगले तीन दिनों के अंदर पुनः रजिस्ट्रेशन करायें।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन अंतर्गत सभी कूप जिनमें





पटाई का कार्य चालू है, उनमें राज्य मद की निर्गत राशि का भुगतान पूर्ण करा कर पटाई का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना अंतर्गत सभी फिजिकल कंप्लीट हुए खेल मैदाने का एमआइएस एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने हेतु सभी प्रखंडों के सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप अप्रूव्ड श्रेणी में कोडिंग कराए गए खेल मैदान को ऑन गोइंग कराने हेतु निर्देशित किया गया।

बिरसा हरित ग्राम योजना (2024- 2025) अंतर्गत सभी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर ऑन गोइंग कराकर पिट डिगिंग्ग एवं घेराव का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। यदि एक सप्ताह के अंदर ऑन गोइंग का कार्य पूर्ण नहीं होता है तो संबंधित बीपीएस का वेतन अवरुद्ध करने हेतु आदेश दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं उससे पूर्व की योजनाओं को यथा शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ।जिसमें दीदी बड़ी/ डोभा/ प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की योजनाओं को ड्राइव चलाते हुए एमआइएस में अभिलंब बंद करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023- 24 के प्राप्त लाभुकों की सूची प्रखंडों को उपलब्ध करा दी गयी है। अविलंब सभी लाभुकों का कोडिंग पूर्ण कराकर योजना स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया।

## करंट के चपेट में आकर झुलसा किशोर, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के चेटर गांव में विद्युत करंट के संपर्क में आने से 12 वर्षीय किशोर सचिन बाखला झुलस गया। जानकारी के अनुसार देवलेश बाखला का पुत्र सचिन बाखला पड़ोस के ही एक घर के छत से डंडे के सहारे आम तोड़ रहा था। तभी यह 11000 प्रवाहित करंट के संपर्क में आ गया। घटना के बाद झटका से वह छत पर ही गिर गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास को लोग जमा हुए और उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना में उसका हाथ चेहरा व छाती गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों ने दिया धरना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मनरेगा योजना को धरातल में लाने में मनरेगा कर्मियों की अहम भूमिका होती है। लेकिन इन सबके बावजूद भी मनरेगा कर्मियों को अभी तक स्थाईकरण नहीं किया गया है। वेतनमान को लेकर भी मनरेगा कर्मी असंतुष्ट हैं। इन सब बातों को लेकर गुमला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका नियमितीकरण और अन्य मांग को रखते हुए लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मनरेगा कर्मियों ने कहा पूरे लगन के साथ हम लोग सरकार के योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं और विकास योजनाओं में अपनी अहम भूमिका भी निभा रहे हैं। लेकिन वर्तमान सरकार हम लोगों के साथ अन्य कर रही है लंबे समय से हम लोग अपनी मांगों को लगातार सरकार के समक्ष रख रहे हैं लेकिन सरकार हमारी मांगों को पूरा करने में किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिख रही है कितने कम वेतनमान में कार्य करने के बाद हमारे परिवार का भविष्य नहीं बन पा रहा है हम अपने बच्चों की पढ़ा लिखा है अभी सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं सरकार जल्द हमारी मांगों को पूरी करें अन्यथा संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना के अंतर्गत चलेगा अभियान

**बेरोजगारों और किसानो को 50 हजार से 50 लाख तक का मिलेगा लोन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना के तहत गुमला में विशेष अभियान चलाया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण निकाय में आवेदन करने हेतु 10 जुलाई से 10 अगस्त तक गुमला जिले के सभी प्रखण्ड कार्यालय में इस विशेष अभियान के तहत आवेदन लिया जायेगा। इसे किसान और बेरोजगार युवक युवतियों के लिए स्वनियोजन एवम स्वरोजगार का सुनहरा अवसर बताया जा रहा है। गुमला जिला के बेरोजगार युवक युवतियों के लिए जिला उद्योग केन्द्र स्वनियोजन एवम स्वरोजगार का यह अवसर लेकर आया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जिला के वैसे बेरोजगार युवा को विभिन्न लाभप्रद योजनाओं में रोजगार सृजन हेतु विनिर्माण उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत 35% तक सब्सिडी पर 50 हजार से लेकर 50 लाख तक बैंकों के माध्यम से लोन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड जिला उद्योग केंद्र, गुमला से संपर्क कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। इस योजना के माध्यम से पूर्व से संचालित या नई इकाई की स्थापना व खाद्य प्रसंस्करण की कोई इकाई के लिए लोन ले सकते हैं। जैसे केचअप, इमली प्रोसेसिंग इकाई, पोटेटो चिप्स, चिरौंजी प्रोसेसिंग इकाई, ड्राई भेजिटेबल, पापड़ बनाना, चावल ( राईस मिल), जामुन प्रोसेसिंग इकाई ( सिरका / पाउडर) आटा / बेसन (गेहूँ / मडुआ) पिज्जा रोल्स, बेकरी प्रोड्क्ट (ब्रेड)डेयरी प्रोडक्टस (दूध से बने उत्पाद), पास्ता / चौमिन, तेल प्रोसेसिंग इकाई (तेल मील), मधु प्रोसेसिंग इकाई, कुकिज, केक, मसाला उद्योग, आम प्रोसेसिंग इकाई, आचार निर्माण, पापड़ निर्माण,बड़ी निर्माण, ब्रेड निर्माण, बिस्कुट निर्माण, चनाचुर निर्माण, चिप्स निर्माण, कुरकुरे निर्माण, जैम / जेली निर्माण, जूस (फ्रुट जूस), नमकीन निर्माण, साबुदाना निर्माण, सेवई निर्माण, पेठा निर्माण, आइसक्रीम निर्माण,सत्तू निर्माण, बेसन निर्माण, पेड़ा निर्माण, पनीर निर्माण इत्यादि के लिए लोन अप्लाई कर सकते हैं। शर्त यह है कि आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वहीं योग्यता की बात करें तो कम से कम 8 वीं पास होना अनिवार्य किया गया है। आवश्यक दस्तावेज - आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, इसके अलावा राशन कार्ड/ बिजली बिल/ आवासीय प्रमाण पत्र/ वोटर कार्ड उपरोक्त में से कोई एक होना चाहिए।

मामले की पूरी जानकारी रिसोर्स पर्सन सह जिला उद्यमी समनवयक गुमला, सूरज कुमार से प्राप्त की जा सकती है।

# प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति का गठन सह बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भरनो।** प्रखंड सभागार में बीड़ीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जेंडर रिसोर्स सेंटर के सफल संचालन के लिए प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति का गठन सह प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की स्थापना, उद्देश्य, हिंसा पीड़ित महिला पुरुष या किसी परिवार के लोगों को न्याय, सुरक्षा सहित प्रशासनिक सहायता, सहयोग आदि विषय पर विस्तृत चर्चा की गयी। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख पारसनाथ उराव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो प्रभारी जाहिद अख्तर,सीड़ीपीओ नीलम केरकेट्टा, डालसा प्रतिनिधि लक्ष्मण मोची, एलजीएसएस संस्था, अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# आपसी भाई चारा बरकरार रखते हुए मनायें मुहर्रम का पर्व : उत्तम तिवारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पांकी/ पलामू।** पांकी थाना परिसर में दिन गुरुवार को मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने की। बैठक में मुहर्रम त्योहार आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपनी अपनी राय रख कर सबंधित पदाधिकारियों को रूट चार्ट का अवगत कराया। बैठक में थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने कहा कि मुहर्रम पर्व पवित्र त्योहार है दोनो समुदाय एक दुसरे को पर्व को मिल जुल कर मनाते हुए आपसी भाई चारा बरकरार रखते हुए मनायें। उन्होंने ने कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने जैसे मैसेज न भेजें। सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने ने कहा कि पर्व में शांति भंग करनेवालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। बैठक में पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद,एनामुल आजाद,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेन्द्र पांडे, तौकीर अंसारी, पारसनाथ सिंह, अब्दुल हसन उपस्थित थें।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, दिये निर्देश

# सभी अधिकारी अलर्ट रहें




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/ पलामू।** थाना क्षेत्र में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके और आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर गुरुवार को हरिहरगंज थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, बीडीओ कुमार अरविन्द बेदिया, पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सहित कई अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद शांति समिति के सभी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जुलूस लाइसेंसधारियों को आगामी 17 जुलाई को मुहर्रम पर्व शान्ति पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर कई प्रशासनिक निदेर्शों से अवगत कराया गया। वही अधिकारियों ने लाइसेंसधारियों और मुहर्रम इंतजामिया कमेटी से मुहर्रम पर्व के दौरान किसी भी असमाजिक हरकतों की सूचना प्रशासन को देने का निर्देश दिया। इसके पहले दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों से विचार विमर्श की गई। मौके पर राजीव रंजन, उमेश साव, बलु बलराम, महेन्द्र यादव, जितेंद्र विश्वकर्मा, अरविंद पासवान, इरफान साहिद, अजित कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अरुण मिश्रा, गंगा जायसवाल, भोला गुप्ता, विश्वजीत कुमार, राजकुमार गौतम, अशोक यादव, लखन यादव, सतेन्द्र भुइंया, सोनू जायसवाल, महताब साहिल, समसाद अंसारी सहित दोनों समुदाय के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, एनसीपी नेता विनय पासवान, बीडीओ रौशन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा दीपक कुमार सिन्हा एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि जिस रफ्तार से देश की जनसंख्या बढ़ रही है, यह देश के लिए काफी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि देश एवम प्रदेश की सरकारों ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए सकारात्मक प्रयास करते हुए सरकारी अस्पतालों में कई अभियान चला रही है। आम लोगों को भी छोटा परिवार सुखी परिवार के स्लोगन पर ध्यान देते हुए देश के प्रति अपने कर्तब्यों का निर्वहन करना चाहिए। मौके पर उपस्थित अन्य वक्ताओं ने छोटा परिवार सुख का आधार पर अपने अपने विचार रखे । सभी ने बढ़ती हुए जनसंख्या पर चिंता व्यक्त की । तथा बढ़ती हुई जनसँख्या को नियंत्रित करने के लिए आम जनों में सहिया के माध्यम से एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जागरूकता लाने की बात कही । कार्यक्रम में डा दीपक कुमार सिन्हा के द्वारा परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों पर विस्तृत जानकारी दी गई । कार्यक्रम का संचालन विभूति कुमार गुप्ता ने किया तथा कार्यकम में प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता, परिवार कल्याण कार्यकर्ता सच्चिदान्द, ए एन एम राजमुनि देवी, अर्चना कुमारी, अमृता कुमारी, सहिया साथी सिमा सिंह, सोनी देवी, सहिया अनीता देवी, मीणा देवी, संजू देवी आदि उपस्थित थी।

# पंडित गौरी बाबा स्मृति मंच ने किया फलदार पौधरोपण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पंडित गौरी बाबा स्मृति मंच के द्वारा बुधवार को पं गुरु सहाय नगर,बेलसेनियां रेड़मा में फलदार पौधा लगाया गया।मंच के संरक्षक मंडल के सदस्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित दीनानाथ तिवारी के नेतृत्व में पेड़ लगाएं जीवन बचाऐं अभियान के अन्तर्गत फलदार आम का पौधा रोपण किया गया।वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीनानाथ तिवारी ने पंडित गौरी बाबा के वंशजों के तीन पुश्तों के सदस्यों के साथ पौधारोपण किया।इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ.आनन्द मुरारी तिवारी(पूर्व विभागाध्यक्ष भूगर्भ विज्ञान,रांची विश्वविद्यालय)पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर गोविंद तिवारी, निर्वतमान वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी, नवीन कुमार, राजकमल तिवारी, प्रेमकमल तिवारी, नीलकमल तिवारी, कुणाल शांतिप्रिय तिवारी, अर्पिता कुमारी, छोटू कुमार,आदित्य नमन,रुद्र कुमार ने फलदार आम वृक्ष का पौधा लगाया। सभी ने जिला प्रशासन, वन विभाग एवं रेलवे के स्थानीय अधिकारियों से मानवता की सेवा,और प्रकृति के विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया।वार्ड पार्षदों ने रेलवे प्रशासन से सघन वृक्षारोपण अभियान में आगे आगे का आग्रह किया।इस दौरान कहा गया की प्रमंडल में जिस तरह से गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है उसमें पौधारोपण ही एकमात्र विकल्प है। इस दौरान मंच के संस्थापक समाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी ने इस तरह के अभियान का शुरूआत करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा की प्रमंडल के प्रत्येक व्यक्ति को जागरुक होने की आवश्यकता है तब जाकर पलामू बचेगा।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने फार्म हाउस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किया पौधा वितरित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड के बसना गांव स्थित सहदेव पांडेय फार्म हाउस परिसर में बुधवार को सीआइटी बीएम पांडेय की ओर से आयोजित पौधा वितरण कार्यक्रम में प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने आसपास के दर्जनों गांवों से जुटे ग्रामीणों के बीच 1100 फलदार, इमारती व औषधीय पौधा वितरित किया। पौधा वितरण करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त श्री मुंडा ने कहा कि प्रकृति व पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है।उन्होंने समाज के सभी लोगों को इस अभियान में शामिल होकर पौधरोपण करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए सभी लोगों को सरकार की आह्वान पर पौधरोपण अभियान में शामिल होकर पौधा लगाने और उसे बचाने की जरूरत है। उन्होंने इस कार्य के लिए टीटी इंस्पेक्टर बीएम पांडेय की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में अपनी दायित्वों के निर्वहन करने के बाद बचे समय में सामाजिक कार्य करना बेहद सराहनीय व प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने ग्रामीणों को पौधा देते हुए उनसे उसे लगाकर बचाने की भी अपील की ताकी इस अभियान की सार्थकता सफल हो सके। चीफ टीटी इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी देते हुए कहा कि वे पिछले दस वर्षों से पौधा वितरण कर लोगों में जागरूकता लाने का मुहिम शुरू किया है। उन्होंने अगले वर्ष इस कार्यक्रम को विस्तार करते हुए हाइवे के किनारे करीब 11 हजार पौधा लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से जहां प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा होगी वहीं किसानों के लिए यह आय का भी बड़ा स्त्रोत साबित होगा। उन्होंने कहा कि पलामू हमेशा असुखाड़ की चपेट में रहता है उससे निबटने के लिए इससे बड़ा हथियार और कुछ नहीं हो सकता। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार,तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, पड़वा थानाप्रभारी चंद्रशेखर कुमार, सब इंस्पेक्टर प्रदुम्न पासवान,नावा बाजार थाने के एएसआई सुधीर सिंह, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# चौकीदार बहाली में दलितों का आरक्षण नहीं देने पर आंदोलन की चेतावनी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** चौकीदार की बहाली में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किये जाने पर राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने इसका कड़ा विरोध करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में चौकीदार की बहाली में अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। कहा कि जिले के अधिकारी चौकीदार की बहाली में एक भी सीट आरक्षित नहीं कर मनमानी ढंग से अनुसूचित जाति के साथ अन्याय कर रहे हैं। जो कभी बर्दास्त नहीं किया जायेगा। राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण रोस्टर में बदलाव कर पुनः चौकीदार बहाली का विज्ञापन निकाल कर आरक्षण का लाभ देने की मांग किया है। वहीं जल्द ही बदलाव नहीं किये जाने पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की बात कही है।

सिंह,नेहाल अंसारी सहित दोनों समुदाय के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन पखवाड़ा की शुरुआत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार से परिवार नियोजना पखवाड़ा का शुरूआत किया गया, जो 31 जुलाई तक चलेगा। उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार,डॉ मनोज थामस, डॉ. अरविंद कुमार, बिपियम पंकज पाण्डेय व बिनोद तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पहले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रथ रवाना किया। जो पूरे क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करेगा। इसके अलावा नप मुख्यालय में जन जागरूकता के लिए रैली भी निकाली गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन का स्थायी और अस्थायी दोनो साधन उपलब्ध रहेगा। परिवार नियोजन हेतु कई प्रकार के अस्थाई साधन हैं, जो जरूरतमंदों को निःशुल्क दिया जा रहा है। जिसमे माला एन, कंडोम, छाया की गोली और अंतरा सुई सहित अन्य अस्थायी साधन शामिल हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें। कार्यक्रम का संचालन मिथलेश दुबे ने किया। मौके पर बिडियम रवि कुमार, संतोष कुमार, पंकज कुमार, कर्मचंद कुमार, एएनएम रानी कुमारी, पूर्णिमा रानी, ललिता कुमारी, रीना कुमारी, राजेंद्र सोनी, इसरार हवारी,अनिल पासवान, राजन कुमार ,प्रभु कुमार, संजय ठाकुर सहित प्रखंड प्रशिक्षक दल, सहिया, सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में अजय नाग और निशांत सिंह ने गोल्ड पर साधा निशाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मास्टर गेम्स फेडरेशन, झारखंड के अजय नाग एवं निशांत सिंह ने गोल्ड पर निशाना साधा। झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा 7 से 10 जुलाई तक देवघर में आयोजित 14वां स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में रांची के निशानेबाज अजय नाग ने 50 मीटर फ्री पिस्टल (पुरुष) इंडिविजुअल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 331 अंक के साथ अव्वल रहते हुए सीधा गोल्ड पर निशाना साधा एवं 10 मीटर पिस्टल (एनआर) चैंपियनशिप (पुरुष) इंडिविजुअल में 360 अंक के साथ ब्रॉन्ज प्राप्त किया। वहीं रांची के ही निशांत सिंह ने 50 मीटर प्रोन (पुरुष) इंडिविजुअल में गोल्ड पर निशाना साध कर एक बार पुनः अपने प्रतिभा को साबित किया है। मास्टर गेम्स फेडरेशन, झारखंड के महासचिव नवीन चंचल ने दोनों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि दोनों निशानेबाज राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर भी गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रॉन्ज पदक हासिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपने निशानेबाजी का लोहा मनवा कर राज्य व राष्ट्र का मान बढ़ाया है। इनके इस प्रतिभा के परिपेक्ष्य में फरवरी 2025 में ताइवान में आयोजित विश्वकप राष्ट्र का प्रतिनिधित्व हेतु झारखंड से इनके नाम की अनुसंशा की गयी है। श्री चंचल ने कहा कि खेल प्रेमी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री हफीजुल हसन से झारखंड के ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रति पूर्ण सहयोग एवं उत्साहवर्धन की अपेक्षा है।

## कार्यालय नगर परिषद रामगढ़

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा नगर परिषद् रामगढ़ कार्यालय को समर्पित आवेदन के द्वारा निकाले गए निविदा संख्या–NIT/RGH/NP/05/2023-24 जिसका PR No.- 326421 District(24-25)#D के द्वारा प्रकाशित निविदा Online भरने की समय वृद्धि करने का निवेदन किया गया है जिसके आधार पर समयक विचारोपरांत निविदा में Online भरने की तिथि में समय वृद्धि करते हुए निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Last Date/ Time for Receipt of Bid Online | 18.07.2024 By 4:00 PM |
| 2 | Opening of technical bid | 20.07.2024 By 2:00 PM |

नोटः– अन्य सभी निविदा की शर्तें यथावत् रहेंगे।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद रामगढ़

PR 329340 District(24-25).D

## स्पोर्ट्स



यशस्वी जायसवाल टी20 क्रिकेट में 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। उन्होंने रोहित शर्मा और इब्राहिम जादरान का रिकॉर्ड तोड़ा। यशस्वी इस साल 800 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

## टी20 क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल का जलवा

# रोहित- जादरान को पीछे छोड़ा, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने बुधवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में 23 रन से जीत हासिल करके पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। जिम्बाब्वे ने पहला मैच जीता था, उसके बाद भारतीय टीम ने लगातार दो मैच जीते हैं। इस मैच में विश्व विजेता टीम का हिस्सा रहे संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल और शिवम दूबे की वापसी हुई थी। इस तिकड़ी में से सिर्फ यशस्वी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन कर सके। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरूआत दिलायी। 36 रन की पारी की बदौलत यशस्वी ने भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

यशस्वी जायसवाल ने शुभमन गिल के साथ मिलकर जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे मैच में 49 गेंद में 67 रन की साझेदारी की। यशस्वी 27 गेंद में 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अपनी पारी में उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाये। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 2024 में टी20 क्रिकेट में कुल 848 रन बना लिए हैं। यह इस साल टी-20 प्रारूप में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है, उन्होंने अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान को पीछे छोड़ दिया है। जायसवाल ने रोहित शर्मा को भी पीछे छोड़ दिया है, जो 833 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम ऑफ स्पिनर सुंदर के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। आवेश खान ने 39 रन देकर दो जबकि खलील अहमद ने 15 रन देकर एक विकेट चटकाया।

डियोन मायर्स ने करियर का पहला अर्धशतक जड़ा लेकिन जिंबाब्वे को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने 49 गेंद में 65 रन बनाये। उन्होंने जिम्बाब्वे की बेहद खराब शुरूआत के बाद क्लाइव मेडांडे (37) के साथ छठे विकेट के लिए 77 और वेलिंगटन मसाकाद्जा (नाबाद 18) के साथ सातवें विकेट के लिए 21 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी भी की।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## कार्यालय, महाप्रबंधक
## जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग एवं उन्नयन योजना

### आम सूचना

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग एवं उन्नयन (PM-FME) योजना भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू की गई एक केन्द्र प्रायोजित योजना है। दिनांक–10.07.2024 से 10.08.2024तक विशेष अभियान के तहत ऋण लेकर अपना उद्यम स्थापित करने हेतु इच्छुक उद्यमियों से Online आवेदन पत्र जमा करने हेतु प्रत्येक प्रखण्ड में District Resource person (DRP)प्रति नियुक्त हैं।

(ii) आवेदन पत्र "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योग हेतु आवेदन पत्र निष्पादित किया जाएगा।

(iii) नए उद्यम स्थापना या उन्नयन पर अधिकतम 1.00 (एक) करोड़ तक की परियोजना FPO/ स्वयं सहायता समूह / सहकारिता समूह के लिए अधिकतम 10.00 (दस) करोड़ तक की परियोजना बैंकों के माध्यम से ऋण मुहैया कराने का प्रावधान है।

(iv) मार्जिनमनीः–लाभार्थी को परियोजना का 10% स्वयं का अंशदान अनिवार्य है।

(v) अनुदानः– नएउद्यम / उन्नयन पर अनुदान (Subsidy) परियोजना लागत का 35% अधिकतम 10.00 (दस) लाख ।

उम्रः–न्यूनतम उम्र 18 वर्ष , अधिकतम कोई उम्र सीमा नहीं।

महाप्रबंधक
जिला उद्योगकेन्द्र, लोहरदगा

PR 329280 Lohardaga(24-25).D

# छात्र हित में कार्य करने पर संगठन साथ है अगर चुके तो होगा आंदोलनः एनएसयूआइ

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गुरुवार को एनएसयूआई संगठन के द्वारा नए कुलपति राम कुमार सिंह का स्वागत किया गया तथा संगठन के द्वारा 10 सूत्री मांग को सौंपकर अपनी अपेक्षाएं बताइ गयी। नए कुलपति को विश्वविद्यालय की तमाम कमियों तथा समस्याओं से अवगत कराया गया तथा उनका समाधान के विषय में भी जानकारी दी गयी। एनएसयूआई ने निम्न मांगे की। विश्विद्यालय परिसर मे 1. विश्वविद्यालय की ओर आने वाला जो मुख्य रास्ता है उसमें रोड बनने का काम तो शुरू हो गया है लेकिन विवादों में फंसे होने के कारण अभी तक रोड नहीं बन सका और जिस कारण से बरसात में उस रास्ते



का इस्तेमाल करके आना असंभव हो जा रहा है, घुटने तक पानी रह रहा है जिस कारण से छात्र-छात्राओं को बहुत अधिक समस्याये हो रही है। 2. विश्वविद्यालय में लंबित ग्रेट 4 स्टाफ की समस्याओं को दूर किया जाये, ताकि विश्वविद्यालय में नियमित साफ सफाई और रखरखाव हो सके। 3.कैंपस में और एकेडमिक ब्लॉक में सीसीटीवी और वाय फाई लगवाया जाए ताकि सुरक्षा और अनुशासन का ध्यान रखा जा सके। 4. विश्वविद्यालय परिसर में लाइब्रेरी, साइंस लैब, कंप्यूटर लैब स्थापित किया जाये। 1. कॉलेज में नियमित कक्षाएं चलती है कि नहीं ड्रेस कोड लागू है कि नहीं । 2. कॉलेज में छात्रों की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल और सीसीटीवी है या नहीं। उदाहरण- मैथन कॉलेज, कतरास कॉलेज, पीके रॉय कॉलेज, आरएसपी कॉलेज। 3.कॉलेज में लाइब्रेरी साइंस लैब कंप्यूटर लैब होते हुए भी उनका इस्तेमाल क्यों नहीं हो रहा है। अधिकतर कॉलेज में लैब में ताले लगे हुए हैं और जहां लैब है वहां पर लैब के समान मौजूद नहीं है। विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुमार ने कहा एनएसयूआई सदैव छात्रों के हित में कार्य करती है और नये कुलपति महोदय से भी हमारी अपेक्षा होगी कि छात्र हित में मिलकर कदम उठाया जाये। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुमार, जिला महासचिव रोहित पाठक और नितेश शर्मा,उपाध्यक्ष नवाजिश अफजल, पीके रॉय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, विश्वविद्यालय महासचिव मोहित कुमार, मैथन कॉलेज अध्यक्ष ऋतिक चटर्जी, गुरु नानक कॉलेज उपाध्यक्ष अनिकेत कुमार, पीके रॉय कॉलेज उपाध्यक्ष अमन प्रसाद और रोशन कुमार,सोहेल अली, आयुष कुमार, आयुष सिंह, नवनीत कुमार, सौरभ कुमार,ध्रुव कुमार, विवेक कुमार,अपूर्व पांडे, सफत, इंद्राणी, सिमरन, मनीषा, दामिनी, खुशबू कुमारी, अभिषेक कुमार, सुनील कुमार,गौरव कुमार, स्वाति कुमारी, काजल कुमारी समेत सैकड़ो नेतागण मौजूद थे।

## पिछरी में बिजली तार की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**पिछरी (बेरमो)(आजाद सिपाही)।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछरी दक्षिणी पंचायत के विद्यापुरी मुहल्ला में 64 वर्षीय शंभू प्रसाद दास की गुरुवार की सुबह बिजली करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि घर के सामने ही यकायक बिजली तार गिरने से चपेट में आ गया। आनन-फानन में उनके चचेरे भाई सह मुखिया प्रतिनिधि देवी दास व अन्य परिजन-पड़ोसी सीसीएल केन्द्रीय अस्पताल ढोरी ले गए, जहां जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी मिलने पर पेटरवार थाना की पुलिस पहुंची। इसके बाद पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेजा गया। मृतक के आश्रितों में पत्नी और एक अविवाहित बेटी है, जिनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया है। मृतक घूम-घूम कर फेरी कर जीविकोपार्जन करता था। इधर, मृतक के ससुराल सहित अन्य आस-पास व दूर-दराज से परिजन पहुंचे।

## बीएसएल कर्मियों द्वारा बिहार बाढ़ पीड़ितों को सहायता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात उत्पादन के साथ-साथ बोकारो इस्पात परिवार सामाजिक कार्यों में भी हमेशा अग्रणी रहा है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बीएसएल के सीआरएम -1,2 एवं 3 की टीम ने मुख्य महाप्रबंधक श्री दीपक राय के नेतृत्व में 10 जुलाई को बिहार बाढ़ पीड़ितों की सहायता एवं राहत हेतु आवश्यक सामग्री एवं सहयोग राशि इकठ्ठा किया। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए सीआरएम विभाग के कर्मियों ने अपने सहकर्मी श्री मनोज कुमार दीन को बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु सामग्रियों और सहयोग राशि सहित बिहार रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित सीआरएम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने ऐसे नेक कार्यों के लिए आगे भी सहयोग करने का संकल्प लिया। 001

## मरीजों को बेहतर इलाज और हर तरह की सुविधा के लिए किया गया है आदित्या होलिस्टिक केयर का शुभारंभः गुप्ता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मरीजो को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके और अच्छी सुविधा मिल सके,जिसके लिए बोकारो में पहली बार सुपर मल्टिप्लेक्स हास्पिटल आदित्या होलिस्टिक केयर का उद्घाटन किया गया है यहाॅ जेनरल वार्ड में मरीजों की सुविधा का ख्याल रखा गया है जिसमें फुल एसी रूम है और 24 घंटे डाक्टर और ख्याल रखने के लिए सिस्टर उपलब्ध है। यह बातें चास रामगढ हाइवे फोरलेन में हास्पिटल के उद्घाटन फिता काटकर करते हुए हास्पिटल के निर्देशक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा। श्री गुप्ता ने कहा की आँख के उपचार के लिये स्पेशलिस्ट डॉक्टर पारक्षित नंदी बंगाल से है तथा यहॉ हर तरह की आँख का उपचार जैसे ग्लूकोमा मोतियाबिंद,मधुमेह संबंधी,रेटिनोपैथी,दृष्टिवैषम्य,मंददृष्टि,कॉर्निया का घर्षण,सूखी आंखें,रेटिना अलग होना का इलाज किया जाएगा तथा जेनरल एवं शिशु रोग बिशेषज्ञ डॉक्टर बिकाश कुमार करेगें। इस मौके पर कई डॉक्टर , समाजसेवी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में पति की मृत्यु के पीड़िता को मिला डालसा का सहारा



**धनबाद ()।** सड़क दुर्घटना में मारे गये युवक पति के मुआवजा के लिए दर-दर भटक रहे महिला को आज डालसा का सहारा मिला। दो छोटे-छोटे बच्चों की मां रूबी देवी के पति की मौत वर्ष 22 मे गोविंदपुर रोड में हो गई थी मौत के बाद से ही उसकी पत्नी रूबी देवी छोटे बच्चों को लेकर सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाते थक गई थी ,परंतु उसे मुआवजा नहीं मिला था। गुरुवार को पारा लीगल वालंटियर चंदन कुमार से रूबी ने अपनी मुसीबते बताई। चंदन ने मामले को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सामने रखा। न्यायाधीश राकेश रोशन ने अविलंब कार्रवाई करते हुए जिला ट्रांसपोर्ट पदाधिकारी को हिट एंड रन के तहत मुआवजा दिलवाने का निर्देश दिया। वहीं रूबी के बच्चों के मुआवजा के लिए बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देश दिया है। रूबी ने बताया कि डालसा से उसे न्याय मिला हआ अब तक वह मुआवजा के लिए छोटे-छोटे बच्चों को गोदी में लेकर भटक रही थी।

## एग्यारकुंड मध्य विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के मध्य विद्यालय में गुरुवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कहा पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं, फल फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़ पौधों से ही होती है ,पेड़ पौधों से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है, विद्यालय परिसर में कुल 20 वृक्ष लगाया गया। इस कार्यक्रम में विदन मंडल, प्रमोद राव,प्रमोद कुमार झा, कुमारी सोना दास, मारुति बाउरी, सरस्वती वाहिनी माता समिति के सदस्य दुलारी बाउरी,चंदन बाउरी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जमुना बाउरी,बाल संसद सदस्य राहुल कुमार विनय कुमार आदि का सहयोग रहा है।

## वेदांता इएसएल स्किल स्कूल में 100% प्लेसमेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड, एक वेदांता समूह की कंपनी, भारत की एक अग्रणी ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील उत्पादक है जो हमेशा अपने क्षेत्रों में समाज और समुदाय के लाभ और कल्याण के लिए अथक प्रयास करती है और करती रहेगी। कंपनी को सामाजिक और सामुदायिक विकास प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सरकारी संगठनों और गैर सरकारी संगठनों से कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। गुरुवार को वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल से सोलर पीवी इंस्टॉलर ट्रेड प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 35 छात्रों के बैच को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इन 35 छात्रों ने न केवल सफलतापूर्वक अपना कोर्स पूरा किया है, बल्कि उन सभी ने हैदराबाद स्थित प्रीमियर एनर्जीज के साथ प्लेसमेंट भी हासिल किया है, जो अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है, जिसका औसत सीटीसी 2,00,000 रुपये प्रति वर्ष है। जिसमें विभिन्न उपकरण, औजार और गैजेट शामिल थे, जो उनके पेशे में उनकी मदद करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए सीएसआर ईएसएल स्टील लिमिटेड के उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्रा ने कहा, यह सभी वेदांता संगठनों की एक प्रमुख धारणा है कि हमारे परिचालन गांवों से युवा प्रतिभाओं के कौशल विकास में निवेश करना सिर्फ एक प्रतिबद्धता नहीं है यह एक रणनीतिक अनिवार्यता है। 35 उम्मीदवारों के इस बैच को नाबार्ड द्वारा प्रायोजित किया गया था और उन्हें वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल में सोलर पीवी इंस्टॉलर ट्रेड में 6 सप्ताह का गहन प्रशिक्षण दिया गया था। वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल ने 521 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 100% को प्लेसमेंट ऑफर मिले हैं। इनमें से 377 ने प्लेसमेंट स्वीकार कर लिया, जबकि बाकी ने स्वरोजगार चुना या उच्च शिक्षा प्राप्त की।

## अल्पसंख्यकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलायें: उपाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम की अध्यक्षता में को जिला स्तरीय पदाधिकारियों की समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। मौके पर आयोग के सदस्य वारीश कुरैशी, डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद, डीपीएलआर श्रीमती मेनका, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष समेत सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। आयोग के उपाध्यक्ष ने क्रमवार सभी विभागों में केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं की प्रगति एवं उसमें विशेषकर अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी की जानकारी प्राप्त की। टीम ने कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान चाहरदिवारी, छात्रावास, छात्रवृति, साईकिल वितरण,



वनाधिकार पट्टा, अल्पसंख्यक छात्रावास, चिकित्सीय अनुदान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि में अल्पसंख्यक समुदाय को दिये गये लाभ की जानकारी ली गई और जरूरी निर्देश दिया। आयोग ने वित्तीय वर्ष 23-24 एवं 24 -25 में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (अल्पसंख्यक) के तहत कितने आवेदन भेजें गये और कितने का स्वीकृत हुआ प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। वहीं,आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशनकार्डधारियों की संख्या व उसके अंतर्गत अल्पसंख्यकों को वितरण किये गये राशन कार्ड, सोना - सोबरन धोती साड़ी योजना में दिये गये लाभ की जानकारी ली। **समाज कल्याण** विभाग अंतर्गत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से जिले में कुल आंगनबाड़ी केंद्र व अल्पंसख्यक बहुल क्षेत्र में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी दी गई। बताया कि बच्चों को समय पर सूखा राशन और पका हुआ भोजन दिया जा रहा है। **सामाजिक सुरक्षा कोषांग** की ओर से सहायक निदेशक द्वारा सभी तरह के पेंशनधारकों की संख्या का विवरण आयोग को उपलब्ध कराया गया।

## मारपीट में गंभीर रूप से घायल उमेश का परिवार दहशत में, पीड़ित को दे रहे धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनसार झरिया थाना अंतर्गत भगतडीह तीन नंबर निवासी दिहाड़ी मजदूर उमेश कुमार (47)का पुरा परिवार बिते आठ जुलाई से दहशत मे जिने को मजबूर है। पानी भरने के मामूली विवाद पर वहीं के रहने वाले अर्जुन साव तथा उसके पुत्र मोनू साव ,सोनू साव और आरती देवी ने रड व लोहे के पाइप से उमेश राम तथा उसके परिवार के सदस्यों की जमकर बर्बरता पूर्वक पिटाई कर दी थी। वही स्थिति गंभीर देख उसे इलाज के लिए धनबाद



एमएनएमसीच में रेफर कर दिया है। जहा उमेश का इलाज जारी है। वहीं उनकी छोटी पुत्री ज्योति कुमारी के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। अन्यथा बुरे परिणामों की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित उमेश राम की पुत्री नेहा कुमारी का कहना है की पुलिस से शिकायत करने के बाद भी आरोपियों की धर पकड़ नहीं हुई है। वहीं मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाले अर्जुन साव तथा उनके पुत्र मोनू व सोनू लगातार बुरे परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस से शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। पूर्व में भी वर्ष 2022 में मेरे परिवार के सदस्यों की आरोपी पक्ष के लोगों ने बुरी तरह मारपीट की थी। मैं दूसरे पक्ष क्या सोनू का गाना है कि मारपीट हुई थी जिसमें उमेश को चोट लगी हम लोगों के भी छोटे आई है।

## सिंगड़ा पंचायत में गरीबों को रोजगार देने वाले मनरेगा में 20 लाख भ्रष्टाचार की खुली पोल

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा ।** धनबाद जिला अंतर्गत बाघमारा प्रखंड के सिंगड़ा पंचायत में मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण एवं आम बागान योजना में भारी पैयमाने पर फजीवाड़े करने का मामला प्रकाश में आया हैं। वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लाखो राशि के योजनाओं को धरातल पर आंशिक रूप से दशार्ते भारी मात्रा में सरकारी राशि को वारा-न्यारा करने की चर्चा हैं। बताया जाता हैं कि पंचायत में इस बड़े भ्रष्टाचार के कारनामो को रोजगार सेवक पंचायत सेवक एवं वर्तमान मुखिया समेत संबंधित अधिकारीयों द्वारा किया गया हैं जिसकी सरेआम चर्चा हैं। बताया गया हैं कि पंचायत अंतर्गत लगभग 32 कुंआ आवंटित हैं। जिसमें 10-12 अल्प निर्मित हैं। बावजूद इसके अधिकांश राशि का उठाव कर लिया गया हैं।तो वही दूसरी तरफ धरातल से दूर आमबागान योजना में जैसे रीता कुमारी 21 हजार, ममता देवी 65 हजार, परमेश्वर महतो 48 हजार नौ सौ, जगदीश दास 51 हजार 8 सौ, यमुना दास 272 रुपये समेत अन्य की राशि का भुगतान किया गया हैं। इधर रोजगार सेवक संतोष दास से बात करने पर उन्होंने दबी जुबान से मानवीय भूल का बात कहा हैं।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**2nd Call e-Procurement Notice**

Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-11/2024-25dt–10/06/2024
Date -10/07/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdamon BokardahaNalaat vill–Kurse, Block – Peshrar, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 81.743Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Month |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 20/07/2024at05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 02/08/2024upto05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 02/08/2024 upto05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 05/08/2024at02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Note: - (1) Only e-Tender will be accepted**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR 329243 (Minor Irrigation) 24-25 (D)



**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**2nd Call e-Procurement Notice**

Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-13/2024-25
dt–10/06/2024 Date – 10/07/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdamon KaramdahaNalaat vill–Kurse, Block – Lohardaga, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 41.102Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 20/07/2024at05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 02/08/2024upto05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 02/08/2024 upto05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 05/08/2024at02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

**PR 329245 Minor Irrigation(24-25)#D**



**JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001603)
Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004

**Re-e-TENDER NOTICE**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status for the works mentioned below:

| Sl. No. | NIT No. | Name of the work | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/PR/JUVNL /24-25 | Item rate for day to day maintenance of water supply and sanitary installation in residential quarter, IB and Legal office under JUVNL Ranchi for 6 (Six) months | 10,41,500/- | 20,900/- | 2500.00+18% GST Extra= 2950=00 | 180 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 12.07.24 at 11.00 AM to 01.08.24 up to 3.00 PM |
| Bid Submission start date of e-tender | 12.07.24, 11.00 AM |
| Bid Submission End date of e-tender | 01.08.24, 3.00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | At 3.30 PM on 02.08.24 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | General Manager (CIVIL), JUVNL, Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi – 834 004, Contact No9431135528 |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The tenders will be received through electronic tendering mode only. Tender Fee (Cost of BOQ) and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through **online mode.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Civil

PR.NO.329330 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(24-25):D



झारखण्ड सरकार
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(PR No. 326561 का द्वितीय आमंत्रण)**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 04/2024-25**

1 ***Name of the Work:-Retrofitting of rural water supply Scheme with HP DC Solar motor pump complete set & with new Source/Existing Source for PVTG Tola at different blocks /Village of Lohardaga Dist. under Drinking Water and Sanitation Division, Lohardaga for the year 2024-25 (Head PM JAN MAN Yojna & JJM).***

| ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.02 | 01 | 3,44,683.00 | 7,000.00 | 750.00 | 90 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.03 | 01 | 3,37,447.00 | 7,000.00 | 750.00 | 90 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.04 | 01 | 3,91,121.00 | 8,000.00 | 750.00 | 90 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.05 | 01 | 3,71,678.00 | 7,500.00 | 750.00 | 90 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.09 | 01 | 3,67,296.00 | 7,500.00 | 750.00 | 90 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.12 | 01 | 3,73,975.00 | 8,000.00 | 750.00 | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 12.07.2024 समय 11.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 18-07-2024 समय 04.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 18-07-2024 समय 04.00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 19-07-2024 समय 04.00 बजे अपराह्न से |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 अनुप कुमार हांसदाः, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 8084784990 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 8084784990 |

**नोट** – केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 329288 (Water Resource) 24-25 (D)

# एमसीएल आनंद विहार में इशानेश्वरी देवी मंदिर में रत्नमुद और कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**दो दिनों तक आनंद विहार कॉलोनी में भक्तिभाव से गुंज उठा और सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**बुर्ला।** एमसीएल, आनंद विहार स्थित ईशानेश्वर मंदिर प्रांगण में शिवपूजा कमिटी के सदस्यों द्वारा मां ईशानेश्वरी देवी मंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर ईशानेश्वरी देवी मंदिर की रत्नमुद कार्यक्रम और कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित की गयी। 08 जुलाई में मां ईशानेख्वरी देवी मंदिर की रत्नमुद पूजा कार्यक्रम के पावन अवसर पर एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जेके बोरा, निदेशक (वित्त) ए के बेहुरा, महाप्रबंधक (कार्मिक/ प्रशासन) आरपी नंद, महाप्रबंधक (उत्पादन), एसके दास, महाप्रबंधक(कार्मिक) आर एल खटिक, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक/जनसंपर्क) एनके मिश्रा और एमसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रत्नमुद पूजा कार्य्रक्रम में भाग लिया।

9 जुलाई को कलश यात्रा कार्यक्रम में एमसीएल आनंद विहार और जागृति विहार कॉलोनी के बहु संख्या में महिला और बालिकाओं ने बढ़ चढ कर भाग लिया। दो दिनों तक आनंद विहार कॉलोनी भक्तिभाव से गुंज उठा और दो दिनों तक सांस्कृति कार्यक्रम और प्रसाद सेवन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पूजाकर्ता के रूप में बिरेंद्र कुमार शतपथी और उनके सहधर्मिणी शतपथी ने पूजा कार्यक्रम में सहयोग किया। उक्त पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कमिटी के सचिव सुधाकर सामल, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू और पंकज लोचन साहु, उपदेष्ठा गौर बसंतिआ, दीलिप नायक, गोपाल व गार, बिभास मिश्रा, महादेब साहु और चित्तरंजन नाहक और कालोनी वासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक हुआ।

## अडापा पहांडी हादसा: नवीन पटनायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर एहतियाती कदम उठाने का अनुरोध किया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने आज ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को पुरी में कुछ दिन पहले हुई अडापा पहांदी दुर्घटना पर पत्र लिखा और उनसे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया। माझी को लिखे पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री ने गहरा दुख और शोक व्यक्त किया तथा कहा कि जगन्नाथ मंदिर के इतिहास में ऐसी घटना पहले कभी नहीं हुई। पटनायक ने कहा कि जिस तरह से बड़ा ठाकुर (भगवान बलभद्र की मूर्ति) फिसल कर 'पहांडी' के दौरान 'चरमाला' (अस्थायी सीढ़ी) पर गिर गयी, वह काफी हृदय विदारक था और इस घटना से कई 'जगन्नाथ प्रेमियों' को ठेस पहुंची है। हालांकि, विपक्ष के नेता ने कहा कि कुछ मंत्रियों की आकस्मिक टिप्पणियों से भगवान जगन्नाथ के भक्तों को और अधिक पीड़ा पहुंची है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वे व्यक्तिगत जिम्मेदारी लें और सुनिश्चित करें कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। उल्लेखनीय है कि 9 जुलाई को भगवान बलभद्र की मूर्ति फिसल कर 'चरमाला' पर गिर गई थी, जब सेवक इसे गुंडिचा मंदिर के अंदर अडापा मंडप में ले जाने से पहले 'पहंडी' जुलूस निकाल रहे थे। दुर्घटना के बाद कम से कम 5-7 सेवक घायल हो गये थे।

## मुखबिर के संदेह में युवक की हत्या



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एक दुखद घटना में पुलिस मुखबिर होने के संदेह में एक युवक की हत्या कर दी गयी। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के मलकानगिरी सीमा क्षेत्र में माओवादियों ने यह बर्बरतापूर्ण कृत्य किया। किस्टाराम के जंगल में उन्होंने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और दो अन्य पर बेरहमी से हमला किया। मृतक की पहचान मंडाबी राजाराव के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को हथियारबंद भीड़ ने मंडाबी और दो अन्य युवकों को अगवा कर लिया। बाद में उन्होंने मंडाबी की हत्या कर दी और अन्य दो की बेरहमी से पिटाई की। पुलिस अब घटना की जांच कर रही है। 19 अप्रैल को मलकानगिरी की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के फरसगांव में भी ऐसी ही हत्या हुई थी। पुलिस मुखबिर होने के शक में सरपंच की हत्या कर दी गयी। रिपोर्ट के मुताबिक मृतक की पहचान पंचम दास के रूप में हुई है।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# ओड़िशा के सोनपुर से युवक लापता तीन लोगों पर हत्या का लगा आरोप

**आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सोनपुर जिले में एक युवक की अपहरण के बाद हत्या का आरोप लगा है। गुरुवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया गया है। लापता युवक की पहचान सुबरनपुर जिले के बीरमित्रपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले फुलाचारा गांव के सुरथ नायक के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बीरमहाराजपुर चौक के मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। इससे यातायात जाम हो गया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है और वैज्ञानिक टीम की मदद से मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, सूरथ कल रात से लापता है। हरिहरजोर के रेत के टीले में सूरथ की चप्पल मिली है, साथ ही रेत में कुछ निशान भी मिले हैं। सूरथ के परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गयी है। हालांकि, पुलिस अभी तक उसे नहीं ढूंढ पाई है। आरोप है कि उसकी हत्या कर दी गयी है और फिर सबूत मिटाने के लिए शव को छिपा दिया गया है। आशंका है कि गांव के तीन लोग इस अपराध में शामिल हैं। बताया जा रहा है कि गांव वाले न्याय की मांग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि सूरथ का जल्द पता लगाया जाये और अपराधियों को गिरफ्तार किया जाये।

# ओड़िशा में भजन गाते मंच पर गिरे अतिरिक्त जिलाधीश, मौके पर ही मौत

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आज के समय में पूरी तरह से स्वस्थ दिखने वाले आदमी का भी दिल कब धोखा दे दे कहा नहीं जा सकता है। कसरत और डांस के दौरान के साथ ही मंच पर गीत गाते के समय आदमी की हार्ट अटैक से मौत की खबरें आती रहीं हैं।

इसी कड़ी में ओडिशा के गजपति जिले में सरकारी अधिकारियों के मिलन कार्यक्रम में भजन गाने के दौरान अतिरिक्त जिलाधीश (एडीएम, राजस्व) वीरेन्द्र कुमार दास की मौत की खबर आई है। वह मंच पर भजन गाने के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े और मृत्यु हो गयी। यह घटना बुधवार शाम में घटी, जिसका वीडियो क्लिप इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## मुख्यमंत्री मोहन चरण ने जताया दुख

गजपति जिला के अतिरिक्त जिलाधीश वीरेंद्र कुमार दास के निधन पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा है- दिवंगत दास एक ईमानदार और जिम्मेदार अधिकारी थे। वह लोगों के हित के लिए सदैव काम करते थे। उनके पास उच्चकोटि की प्रशासनिक क्षमता थी। उनके निधन से राज्य सरकार ने एक कुशल अधिकारी को खो दिया है। मुख्यमंत्री ने दास की आत्मा की सद्गति के लिए प्रार्थना की है और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

## बेहोश होकर मंच पर गिर पड़े

गजपति के जिलाधिकारी स्मृति रंजन प्रधान ने कहा कि एडीएम भजन गाते हुए अचानक बेहोश होकर गिर गये। उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि उनका रक्तचाप बहुत अधिक है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बरहामपुर एमकेसीजी मेडिकल कालेज और अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार, ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पारलाखेमुंडी वृंदावन पैलेस परिसर में जिला प्रशासन के सभी अधिकारी और कर्मचारियों का एक बंधुमिलन समारोह आयोजित किया गया था। इस दौरान एडीएम वीरेंद्र कुमार दास मंच पर गये और उड़िया भक्ति गीत गाने लगे। इसी दौरान बेहोश होकर मंच पर गिर पड़े। बाद में उनकी मौत हो गयी।

# बड़े स्तर पर आइएएस स्तर के अफसरों का किया गया ट्रांसफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार बड़े स्तर पर आइएएस स्तर के अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, 1993 बैच के आईएएस अधिकारी निकुंज बिहारी धल को इडको अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। धल वर्तमान में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत हैं। आईएएस अधिकारी हेमंत शर्मा वर्तमान में इडको के अध्यक्ष हैं। उसी तरह से 1993 बैच के आईएएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार को संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सुरेंद्र कुमार वर्तमान में सामान्य प्रशासन विभाग और पर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत हैं। वह जुलाई 2021 से इन दोनों विभागों के प्रभारी हैं। 1994 बैच के आईएएस अधिकारी जी. माथिवाथनन का तबादला कर उन्हें गोपबंधु प्रशासन अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है। माथिवाथनन 10 वर्षों से आवास और शहरी विकास विभाग का नेतृत्व कर रहे थे। वह संसदीय कार्य विभाग के सचिव भी रहे। वर्तमान में विकास आयुक्त अनु गर्ग गोपबंधु प्रशासनिक अकादमी के महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

1995 बैच के आईएएस अधिकारी और उद्योग विभाग में प्रधान सचिव हेमंत शर्मा को एमएसएमई विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शर्मा एपिकल के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार भी संभालते रहेंगे। 1996 बैच के आईएएस अधिकारी और राज्यपाल के प्रधान सचिव शाश्वत मिश्रा को दो महत्वपूर्ण विभागों वित्त और बिजली विभाग में प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मिश्रा ओडिशा अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। 1996 बैच की आईएएस अधिकारी उषा पाढ़ी को आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सुश्री पाढ़ी कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा तथा वाणिज्य और परिवहन विभागों की प्रधान सचिव बनी रहेंगी। 1996 बैच के आईएएस अधिकारी विशाल कुमार देव को वित्त मंत्रालय से हटा दिया गया है। उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया है और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी विभाग के प्रधान सचिव के रूप में तैनात किया गया है। वह इसके अलावा ओडिशा वन विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में भी काम करेंगे।

# ओड़िशा के मलकानगिरी में डायरिया का प्रकोप, चार लोगों की हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मलकानगिरी जिले के मैथिली ब्लॉक के कोपरा गांव में डायरिया का प्रकोप फैल गया है। सात लोग संक्रमित हैं और चार लोगों की हालत गंभीर है। मरीजों को मैथिली सबडिविजन मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया है। हालांकि गांव में डायरिया फैलने का कारण पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका है कि यह नल का पानी पीने से हुआ है। जानकारी के अनुसार कोपरा गांव में कल कुछ लोगों को उल्टी हुई थी। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। बाद में सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। जानकारी है कि आज गांव में लोगों के स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल टीम गयी थी। इसके अलावा मलकानगिरी में डायरिया फैलने के कारण पानी के नमूने जांच के लिए लाये गये थे। उधर, स्वास्थ्य विभाग की ओर से बरसात के दिनों में डेंगू से निपटने के लिए सभी इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं। नगर निगम ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। डेंगू बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता वाहन रवाना किए गए हैं। वाहन लोगों को सलाह दे रहे हैं कि कहीं भी पानी जमा न होने दें और सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

# सीबीआइ ने सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के अधीक्षक को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने ओडिशा के बरहामपुर के केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के एक अधीक्षक को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सीबीआइ ने केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक मनोज कुमार सुबुद्धि को शिकायतकर्ता से जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया के बदले में 15,000 रुपये लेने के आरोप में गिरफ्तार किया।

सीबीआई ने 09 जुलाई को शिकायत के आधार पर केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक, बरहामपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये की रिश्वत इस आधार पर मांगी थी कि आरोपी ने पहले शिकायतकर्ता को 1.77 लाख रुपये का जीएसटी रिफंड प्रोसेस किया था और शिकायतकर्ता को लगभग 3 लाख रुपये का एक और जीएसटी रिफंड सुचारू रूप से प्रोसेस करने के नाम पर। सीबीआई ने जाल बिछाया और केन्द्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के आरोपी अधीक्षक को सहायक आयुक्त, केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, बरहामपुर, जिला गंजम, ओडिशा के कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया, जब वह शिकायतकर्ता से मांगी गयी कुल रिश्वत राशि 20,000 रुपये में से 15,000 रुपये की पहली किस्त स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ब्रह्मपुर और भुवनेश्वर में आरोपियों के आवासीय और कार्यालय परिसरों की तलाशी ली गयी, जिससे आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। आरोपी को आज भुवनेश्वर में सीबीआइ मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जा रहा है।

# गंजम में पिता की हत्या की, हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के गंजम जिले में एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने पिता की हत्या कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, गंजम के रंभा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बालासिंगपल्ली में घरेलू झगड़े के चलते एक व्यक्ति ने अपने पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गणपति दास के रूप में हुई है।

गौरतलब है कि रंभा पुलिस ने मृतक के बेटे को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि हत्या कैसे और क्यों की गई। इससे पहले आज रिपोर्ट में बताया गया कि ओडिशा के बालासोर जिले में अपने पिता की कथित तौर पर हत्या करने वाले व्यक्ति को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को रिपोर्ट में बताया गया कि यह व्यक्ति 22 जून से लापता था। रिपोर्ट्स के अनुसार, बालासोर जिले के सिमुलिया पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गरसोंग गांव के रमेश बेहरा ने कथित तौर पर अपने पिता प्रभाकर बेहरा की हत्या कर दी और उसे घर के पीछे खेत में दफना दिया। इसके बाद वह गिरफ्तारी के डर से भाग गया। पुलिस ने 174/24 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिमुलिया पुलिस की टीम हैदराबाद से रमेश को गिरफ्तार कर थाने ले आयी है। पुलिस ने बताया कि उसे आज पूछताछ के लिए गरसांग गांव ले जाया जायेगा।

## आइपीएस आशीष सिंह का तबादला



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। गुरुवार को जारी एक पत्र में कहा गया कि मुख्यमंत्री सुरक्षा के प्रभारी आईजीपी आशीष कुमार सिंह (आरआर-2004) का तबादला कर दिया गया है। आगे उल्लेख किया गया है कि उक्त आइपीएस अधिकारी को तत्काल प्रभाव से गृह विभाग में ओएसडी (विशेष कार्य अधिकारी) के पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है। ओडिशा सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि आशीष कुमार सिंह, आइपीएस (आरआर-2004), आइजीपी, (सीएम सुरक्षा) को तत्काल प्रभाव से गृह विभाग के ओएसडी के रूप में स्थानांतरित और तैनात किया जाता है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**